कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आज राम आयेंगे

रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम...

# रोजगार मेला

## 2500 कौशल प्राप्त युवाओं का ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम






मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक - 22 जनवरी 2024

समय - अपराह्न 2 बजे

स्थान - टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची



कौशल प्राप्त युवाओं को रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा।

**अन्य महत्वपूर्ण बातें**

- स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 75 आरक्षण का हुआ प्रावधान।
- पूर्व में आयोजित रोजगार मेलों के अंतर्गत कुल 56 हजार युवाओं को दिया गया ऑफर लेटर।
- पलायन हुआ कम। राज्य में ही मिल रहा युवाओं को रोजगार।
- उद्योगों से विदेशों में प्रोडक्ट्स का हो रहा एक्सपोर्ट।
- वर्तमान में कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में 10 हजार युवाओं को रोजगार का लाभ। यह संख्या 1 लाख तक ले जाने का संकल्प।

P.R. 316713 (IPRD) 23-24

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**




# श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में
प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का
## प्राण प्रतिष्ठा समारोह



गरिमामयी उपस्थिति

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आनंदीबेन पटेल**<br>राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | **डॉ. मोहनराव भागवत**<br>सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ | **योगी आदित्यनाथ**<br>मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | **महंत नृत्यगोपाल दास**<br>अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास |

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

आज राम आयेंगे

रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00





आओ अपना घर व मंदिर सजाएं
प्रभु श्रीराम के आगमन पर दीपावली मनाएं
जय श्रीराम
श्रीराम मंदिर
भव्य प्राण प्रतिष्ठा
में सभी भक्तजनों
का हार्दिक अभिनंदन
रमेश सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा, झारखंड प्रदेश

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
आज राम आयेंगे
रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00

# आज राम आयेंगे


## 12:29:08 से 12:30:32 बजे तक प्राण-प्रतिष्ठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के आगमन की घड़ी नजदीक है। सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पूरी नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया है। पूरे मंदिर परिसर की छंटा देखती ही बनती है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों न्योता मिला है। अब भारत समेत दुनिया की नजरें प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक घड़ी पर टिकी हुई हैं।

पूजा-विधि के जजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्य संपन्न करायेंगे। इस दौरान 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य और 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की भी उपस्थिति होगी। पूजा समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे। पीएम सोमवार सुबह 10:25 बजे अयोध्या पहुंचेंगे। वह चार घंटे अयोध्या में रहेंगे।

**दो हजार क्विंटल फूलों से सजी रामनगरी :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या को खूब सजाया-संवारा जा रहा है। इसके लिए 2000 क्विंटल फूलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। भोपाल से आये विशेष गुलाब के फूल से रामलला का पूजन होगा। इस फूल पर राम मंदिर, भगवान राम की फोटो और जय श्रीराम लिखा हुआ है। यह विशेष फूल भोपाल की एक नर्सरी में तैयार किया गया है। रामनगरी को सजाने के लिए देश के लगभग सभी राज्यों के अलावा मलेशिया, थाइलैंड, इंडोनेशिया और अर्जेंटीना से मनमोहक फूल मंगाये गये हैं। राम मंदिर के सारे रास्ते को रंग-बिरंगे फूलों से सजाये गये हैं। राम मंदिर का नवनिर्मित भवन और प्रवेश द्वार अलग ही छटा बिखेर रहे हैं। राम मंदिर पर हेलिकॉप्टर से गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा शुरू कर दी गयी है।



### 10 लाख दीपों से जगमगायेगी अयोध्या

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनायी जायेगी। शाम को अयोध्या 10 लाख दीपों से गमगायेगी। इसके साथ ही मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की जायेगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी।

### कार्यक्रम एक नजर

- सुबह 10 बजे से गूंजेगी मंगलध्वनि।
- 10:30 बजे तक मेहमानों को करना होगा प्रवेश।
- प्राण प्रतिष्ठा की विधि दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी।
- 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड (84 सेकंड) में प्राण-प्रतिष्ठा होगी।
- 121 वैदिक आचार्य संपन्न करायेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम दोपहर एक बजे तक पूरा होगा।
- दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक अतिथि रामलला का दर्शन कर सकेंगे।
- शाम को अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगायेगी।

## सीएम ने दिया निर्देश, 2.30 बजे तक सरकारी छुट्टी, सभी स्कूल बंद

**रांची (आजाद सिपाही) ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में 22 जनवरी को दोपहर ढाई बजे तक अवकाश रहेगा। इसके अलावा सरकारी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए की गयी है। बता दें कि राज्य में 22 जनवरी को अवकाश रखे जाने को लेकर सांसद संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया था। शहर के निजी स्कूलों में पहले ही छुट्टी की घोषणा कर दी गयी है।







जय श्री राम


प्रभु श्री राम भारतवर्ष की आत्मा हैं अंतत: 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह दिन भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। जब-जब इस दिन का जिक्र होगा करोड़ो लोगों की आस्था व विश्वास के जीत का जश्न मनाया जायेगा। एक बार फिर दिवाली हो रही है, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी देशवाविसयों को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस शुभ अवसर पर टैगोर हिल रोड के साथ पुरे मोराबादी में सभी घरों एवं दुकानों में दीप जलाए जाएंगे साथ में जगह-जगह पर लड्डु एवं खीर वितरण की व्यवस्था की गई है तथा इस दिन शाम को अतिशबाजी के साथ दीपावली मनाया जायेगा। इस शुभ कार्य की बेला में आप सभी आमंत्रित हैं।










अयोध्या में भव्य राम मंदिर
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह
22 जनवरी 2024
हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत
आओ अपना घर व मंदिर सजाएं
प्रभु श्रीराम के आगमन पर
दीपावली मनाएं
निवेदक :
समस्त रामगढ़ परिवार

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आज राम आयेंगे

रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00






कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

आज राम आयेंगे

रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00





कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




रांची 22 जनवरी, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 93, पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080, पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00


## विपक्ष की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रवक्ताओं की सशक्त भूमिका : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा के नवनियुक्त मीडिया एवं प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त मीडिया एवं प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक रविवार को कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का प्रवक्ता पार्टी का प्रतिबिंब होता है। यह आइना भी होता है, जिसमें पार्टी का चेहरा दिखता है। उन्होंने कहा कि ऐसी जिम्मेवारी है, जिसके माध्यम से पार्टी की उपलब्धियां और विपक्ष की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से देश के हर तबके की सेवा हुई है। जनता इसे नजदीक से महसूस कर रही है। राज्य सरकार की नाकामियों से भी जनता त्रस्त है और हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रवक्ताओं की दोहरी जिम्मेवारी है। हमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी जन-जन तक पहुंचाना है और हेमंत सरकार की नाकामियों को भी जनता के बीच बार-बार ले जाना है। मरांडी ने मीडिया एवं प्रवक्ताओं की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मीडिया एवं प्रवक्ताओं की टीम पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस अंग की सक्रियता से पार्टी की सक्रियता दिखायी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जनता आज भाषणों पर नहीं तथ्यों और आंकड़ों पर भरोसा करती है। अब सवाल-जवाब थोथी दलीलों से नहीं साक्ष्यों और प्रमाणों से प्रभावी बनते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास मोदी सरकार की उपलब्धियों के आंकड़े हैं। साथ ही हेमंत सरकार की नाकामियों के भी दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि हम अखबारों और चैनलों को देने वाले अपने बयानों में उसका स्पष्ट उल्लेख करें। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षड़ंगी, रमाकांत महतो, डॉ अरुण उरांव, जेबी तुबिद, विनय कुमार सिंह, अविनेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री 2500 युवाओं को आज देंगे नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




- **खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में आयोजित है कार्यक्रम**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 जनवरी को 2500 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। युवाओं को नियुक्ति पत्र निजी क्षेत्र के लिए दिया जायेगा। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में किया जायेगा।

युवाओं को नियुक्ति पत्र अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए सौंपा जायेगा। सरकार की योजना अनुसार राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करना है। जिन कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा, उनमें से अधिकांश कंपनियां ओरमांझी कुल्ही में स्थित हैं।












मीडिया मार्केटिंग इनिशियेटिव

## ये प्रारंभ है अपने हिन्दुत्व और अमूल्य भारत संस्कृति की पराकाष्ठा वापस पाने की , आओ फिर चले हम सब अखंड भारत बनाने की राह पर : प्रिंस अजमानी

### नमन है उन सभी राम भक्तों का जिन्होंने अपना बलिदान दिया : चन्द्रकांत रायपत

अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 22 जनवरी को रामलला को गर्भ गृह में स्थापित किया जाएगा। हर राम भक्त को इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। किसी भी मंदिर में की जाने वाली भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का बहुत महत्व होता है। इस पावन पुनीत अवसर पर देशवासियों को बधाई।

मिथिलेश्वर मिश्रा (विहिप)




### "500 वर्षों का संघर्ष और राम भक्तों का बलिदान

प्रभु श्रीराम भारतवर्ष की आत्मा हैं। 500 वर्षों से अधिक समय की प्रतीक्षा के बाद राम मंदिर बनकर तैयार है और अंततः 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह दिन भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। जब-जब इस दिन का जिक्र होगा करोड़ों लोगों की आस्था व विश्वास की जीत का जश्न मनाया जाएगा। समस्त राम भक्तों को इस ऐतिहासिक और शुभ दिन की हार्दिक बधाई।

-प्रिंस अजमानी"

### दीप जला कर करें रामलला का स्वागत

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर देशभर में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में से एक है दीपावली। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश में सभी घरों में दीप जलाएं जायेंगे और खुशियां मनाई जाएगी। जिस तरह भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद उनके अयोध्या वापस आने पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह 22 जनवरी को भी दीपावली की तरह त्योहार मनाया जाए। समस्त देशवासियों से आग्रह है कि रामलला के स्वागत में दीप जलाएं और दीवाली मनाएं। - **मनोज पोद्दार (विहिप)**

### भंडारे और साफ - सफाई में दें भागीदारी

देश के कोने-कोने में, हर शहर, हर गांव, हर चौराहे, गली सभी को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर साफ सफाई भी कर रहे हैं। मंदिरों में भंडारे चल रहे हैं और मंदिरों में एलईडी लगाकर प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम दिखाए जाने की खबर है। 22 जनवरी को देश के अलग-अलग हिस्सों में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा। ऐसे में आप भी इस पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन करा सकते हैं साथ ही साफ सफाई में भागीदारी दे सकते हैं। -**बिरेन्द्र साहू (विहिप)**

### प्रभु श्री राम के चरित्र से लें जीवन जीने की सीख

राम को समझना है तो हमें राम के जीवन चरित्र को समझना होगा और उसी से हम भारत के राष्ट्र चरित्र को समझ सकते हैं। सर्वप्रथम, राम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। पुत्र धर्म के पालन के लिए उन्होंने राज्य सिंहासन त्याग कर वनवास जाना स्वीकारा। ठीक ऐसे ही हमारे राष्ट्र में त्याग को हमेशा पूजा जाता है। भारत में त्याग पूज्य है और राम त्याग की जीवंत मूर्ति हैं। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं, और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। यही भारतीय मानस में भी है।

त्रेतायुग में जन्में श्री रामचंद्र जी को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत रामायण और तुलसीदास जी अवधी में रचित रामचरित मानस भगवान श्री राम की भक्ति से ओतप्रोत ग्रंथ हैं। इन ग्रथों में बड़ी ही खूबसूरती के साथ राम जी की महिमा का वर्णन किया गया है। -**रंगनाथ महतो (विहिप)**

### हमारे आपके सबके राम

राम के लिए अयोध्या से लेकर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और सुदूर दक्षिण में रामेश्वरम तक सब अपने ही थे। यह उन लोगों के लिए भी एक सीख है जिनका मानना है कि भारत एक देश के रूप में अंग्रेजों के आने के बाद ही बना है। राम के लिए आज के उत्तर प्रदेश की अयोध्या, नासिक की पंचवटी, आंध्र प्रदेश का भद्रचालम, कर्नाटक कि किष्किन्धा, केरल की शबरी के बोर, तमिलनाडु का रामेश्वरम सब प्रिय थे और कहीं भी उन्हें भाषा या संस्कृति का अवरोध नहीं हुआ। - **कैलाश केशरी** (महानगर अध्यक्ष)

### आखिर वो दिन आ ही गया

पूरा विश्वास था कि वो दिन अवश्य आएगा जब राम मंदिर देखने का सपना पूरा होगा। कहते है न कि सपने देखने से ही पूरे होते हैं। इसलिए हमारे देश के कई महान लोगों ने संकल्प लिया और सपना देखा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना है और रामलाल को उसमें विराजमान करना है और उन्होंने ऐसा कर दिखाया। -**प्रकाश रंजन (प्रचार-सह-प्रमुख)**



प्रिंस अजमानी
(बजरंग दल विभाग संयोजक, झारखण्ड)

# रमेश सिंह के नेतृत्व में झूम के निकली रामजी की सवारी







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता रमेश सिंह के नेतृत्व में रामजी के आगमन के एक दिन पूर्व यानी रविवार को रामजी की सवारी रांची की सड़कों पर झूम के निकली। गाजे-बाजे संग शोभायात्रा निकली। इस दौरान वाहन पर प्रभु

### गाजे-बाजे के संग निकली शोभायात्रा

राम, लक्ष्मण, हनुमान और सीता के स्वरूप भी भक्त धारण किये हुए थे। भ्रमण यात्रा की खास बात यह रही कि इसमें वानर सेना भी साथ चल रही थी। रामजी की सवारी पूरे शान के साथ इंद्रपुरी नवयुवक नवयुवक समिति प्रांगण से निकली। यह रातू रोड, पहाड़ी मंदिर रोड, जेजे रोड, बकरी बाजार होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक पहुंची। घोड़े पर सवार होकर भी रामभक्त जयकारा लगाते चल रहे थे। यहां कार सेवकों को सम्मानित भी किया गया। सम्मान पाकर इनके चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था कि 1990 में कारसेवक की भूमिका निभायी। अब जाकर यह सपना साकार हो रहा है। इसमें हजारों की संख्या में रामभक्त जयकारे लगाते चल रहे थे। रमेश सिंह ने कहा कि हमलोगों के लिए 22 जनवरी दिवाली, रामनवमी और दशहरा से कम बड़ा पर्व नहीं है। कई साल के बाद अपनी जन्मभूमि में श्री राम विराजमान हो रहे हैं, जिसे लेकर भव्य प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है। इसमें सांसद दीपक प्रकाश, अमरोन विधायक सुधीर सिंह, मंटू सिंह, मिंटू चौबे, विजय सिंह, विनय राज, सोनु दुबे समेत हजारों की संख्या में रामभक्त रामलला के आगमन को लेकर पूरे उत्साह से लबरेज चल रहे थे। वहीं चंद्रशेखर आजाद दुर्गापूजा समिति द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान से पूर्व संध्या रांची के सर्जना चौक पर कार्यक्रम में स्वाति मिश्रा के भजन मेरी झोपड़ी के भाग, आज खुल जायेंगे, राम आयेंगे, राम आयेंगे, राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी... से रांची का पूरा माहौल राममय हो गया। लोग झूमने लगे।

# सीआरपीएफ पर सवाल खड़ा करना झामुमो का मानसिक दिवालियापन : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि झामुमो सत्ता मद में मानसिक दिवालियापन का शिकार हो चुका है। इडी द्वारा सीएम आवास में मुख्यमंत्री से पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ का अलर्ट रहना झामुमो को नागवार गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में इडी पर सुनियोजित हमले हुए और झारखंड में जिस प्रकार से झामुमो ने धमकी दी उसे सीआरपीएफ को अलर्ट रहना जरूरी था। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को समर्पित इन जवानों पर भी अब झामुमो सवाल खड़ा कर रहा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### महावीर मंडल ने दीपक-बाती, तेल और झंडा बांटा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा की ओर से रविवार को जरूरतमंद अखाड़ा को दीपक-बाती, तेल और झंडा का वितरण किया गया। सभी अखाड़ों से यह अपील की गयी कि सोमवार को सभी अपने-अपने अखाड़े में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के उद्घाटन पर दीपावली मनायें। सभी अखाड़ों में झंडा पूजन हो। इस अवसर पर अंकित सिंह सनी, अनूप कुमार, सिकंदर गोसाई, दीपक मालाकार उपस्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पुत्रदा एकादशी उत्सव मना

रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को पुत्रदा एकादशी उत्सव मना। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व इस एकादशी को भक्तों का उत्साह देखते बना। इस अवसर पर प्रातः श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर श्रृंगार किया गया। बाबा का दरबार सुहाना लगता है, भक्तों का तो दिल दिवाना लगता है...जैसे भजनों की प्रस्तुति दी गयी। मौके पर रमेश चंद्र सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, गौरव परसरामपुरिया समेत अन्य मौजूद थे।

### शुद्ध घी के लड्डू का वितरण होगा

रांची (आजाद सिपाही)। एकल अभियान हरि सत्संग समिति की ओर से सोमवार को सुंदर कांड का पाठ 10 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर शुद्ध घी के लड्डू का वितरण किया जायेगा। संध्या छह बजे से श्याम मंडल के सदयों द्वारा भजन संकीर्तन का कार्यक्रम होगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अनुष्ठान को देखते हुए श्रद्धानंद रोड पथ दुकानदार समिति की ओर से सोमवार को संगीत, भजन, भोग वितरण सह भंडारा, आरती और दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अमित किशोर अग्रवाल ने रविवार को बताया कि श्री अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए व्यापारी समाज में उत्साह का माहौल है।

### नवकिरण ने बच्चों के बीच बांटी पाठ्य सामग्री



रांची (आजाद सिपाही)। स्वयंसेवी संस्था नवकिरण के द्वारा रविवार को सिंहमोड़ के समीप राजकीयकृत मध्य विद्यालय कल्याणपुर में एक कार्यशाला आयोजित की गयी। वहीं इस दौरान संस्था द्वारा बच्चों के बीच पाठ्यसामग्री बांटी गयी। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ विजय कुमार के द्वारा नयी शिक्षा नीति पर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ वीडी साहू, उपाध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार, अभियंता पूरण टोप्पो, दिनेश कच्छप, सुधांशु रंजन, दिलीप कुमार उपस्थित थे।

### न्यूटन ट्यूटोरियल्स ने परीक्षा तैयारी के टिप्स दिये



रांची (आजाद सिपाही)। गोड्डा शहर के मीरा भवन नाहर चौक रोड और मैकलुस्कीगंज शहर के ड्रीम डेस्टीनेशन कोंका नियर पावर हाउस में रविवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था-आगामी आइआइटी-मेडिकल की परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक और अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधिति जानकारी दी और समारोह के अंत में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए (आइआइटी/ मेडिकल) एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं।

### जैलेंद्र ने मंदिरों की साफ-सफाई की



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में गेतलसूद के राम भक्तों ने रविवार को दुर्गा मंदिर के अतिरिक्त अन्य मंदिरों के परिसर की साफ-सफाई की गयी। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि पूरा देश राम की भक्ति में डूबा है। सोमवार को एतिहासिक राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव के सभी मंदिरों की साफ-सफाई की गयी है। पूरा वातावरण राममय हो गया है। साफ-सफाई अभियान में उपमुखिया शंकर बैठा, पूर्व मुखिया गौरी शंकर मुंडा, बिगेश्वर महतो, बीचा उरांव,बटेश्वर गोस्वामी और कृष्णा साहू आदि शामिल थे।

# सीआरपीएफ जवानों को उतार राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश : झामुमो

**सीआरपीएफ आइजी कमांडेंट पर सख्त कानूनी कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच की मांग की**






रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ के दौरान उतारे गये सीआरपीएफ के जवानों को लेकर हमला बोला है। झामुमो ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने साजिश रची थी। अगर झामुमो कार्यकर्ता संयम न बरते तो विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती थी। इसके बाद राज्य में विधि-व्यवस्था का हवाला देकर राष्ट्रपति शासन के हालात पैदा किया जा सके। झामुमो ने राज्य सरकार से सीआरपीएफ आइजी की भूमिका की जांच की मांग की है, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडेय ने कही। इन्होंने कहा कि इडी के अनुरोध पर ही राज्य सरकार द्वारा विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रांची जिला प्रशासन ने इडी के अधिकारियों की सुरक्षा, उनके कार्यालय की सुरक्षा, उनके परिवार की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संभालने के लिए करीब 2000 पुलिस एवं वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। इस दौरान आम जनता एवं झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा केंद्र की जांच एजेंसियों की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसे देखते हुए पुनः जिला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए सीएम हाउस के 500 मीटर की दूरी पर धारा-144 लगा दी। मगर इसी बीच अचानक सीआरपीएफ के सैकड़ों जवानों को बस में भरकर बिना किसी अनुमति या सूचना के मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश कराने का प्रयास किया गया। झामुमो नेताओं ने कहा कि एक तो बिना अनुमति या सूचना के सीआरपीएफ के जवानों को उतारा गया। बिना अनुमति या सूचना के सीएम हाउस में प्रवेश करने की कोशिश की गयी। इतना ही नहीं सीआरपीएफ जवानों ने झामुमो कार्यकर्ताओं से उलझने का भी प्रयास किया, ताकि माहौल को बिगाड़ा जा सके। झामुमो नेताओं ने कहा कि विधि-व्यवस्था के इतने संवेदनशील समय एवं स्थान पर जिला प्रशासन की अनुमति के बिना और बिना सूचना दिये इतनी बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के बल का निषिद्ध क्षेत्र में प्रवेश करना एक भड़काऊ एवं गैर-कानूनी कार्य है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने यदि संयम का परिचय नहीं दिया होता तो हिंसक परिस्थिति उत्पन्न हो सकती थी। कहा कि मिली जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ का यह कृत्य एक सोची समझी साजिश के तहत थी, जिसमें सीआरपीएफ के आइजी भी शामिल थे। वे चाहते थे कि सीआरपीएफ एवं प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हो जाये और प्रदर्शनकारी उग्र होकर यदि सीआरपीएफ पर हमला कर दें तो राज्य सरकार पर संवैधानिक तंत्र की विफलता का आरोप लगाया जा सके और राष्ट्रपति शासन लगाने की भूमिका तैयार की जा सके। सीआरपीएफ कभी भी जिला प्रशासन के अनुरोध अथवा अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था का कार्य नहीं कर सकती है। इससे स्पष्ट है कि सीआरपीएफ ने यह कार्रवाई साजिशन केंद्र सरकार के इशारे पर किया, जो राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है और संघीय ढांचे पर एक कायराना हमला है। कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बल देश के आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। इनका इस प्रकार से राजनैतिक दुरूपयोग अत्यंत ही गंभीर चिंता का विषय है। ऐसी घटनाओं से ही आम जनता का विश्वास केंद्रीय एजेंसियों के प्रति कम होता जा रहा है एवं यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि केंद्रीय बलों का यह पक्षपातपूर्ण व्यवहार आगामी चुनावों को भी दुष्प्रभावित कर सकता है। यह पक्षपातपूर्ण व्यवहार आगामी चुनावों को भी दुष्प्रभावित कर सकता है। झामुमो ने राज्य सरकार से मांग किया है कि सीआरपीएफ आईजी कमांडेंट एवं उनके अन्य वरीय पदाधिकारियों पर इस असंवैधानिक कार्य के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए एक उच्च स्तरीय जांच करा कर पूरे साजिश का भांडा फोड़ किया जाये, अन्यथा झामुमो आंदोलन के लिए बाध्य होगा।







श्रीराम मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा
में सभी भक्तजनों
का हार्दिक अभिनंदन
आओ अपना घर व मंदिर सजाएं
प्रभु श्रीराम के आगमन पर
दीपावली मनाएं
मेरी झोपड़ी के भाग्य आज जाग जाएंगे,
राम आएंगे
राम आएंगे आएंगे राम आएंगे
मेरी कुटिया के भाग्य आज जाग जाएंगे,
राम आएंगे
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष


सबका साथ
सबका विकास....
श्रीराम मंदिर
भव्य प्राण प्रतिष्ठा
में सभी भक्तजनों
का हार्दिक अभिनंदन
डॉ. प्रदीप वर्मा
प्रदेश महामंत्री
झारखंड प्रदेश
भाजपा


जय श्री राम
श्रीराम मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा
VAISHNAVI
HILLS BLOCK - E
many imagine... few live it.
Waxpol Road, Behind Gumla Petrol Pump, Booty Ranchi
आओ अपना घर व मंदिर सजाएं
प्रभु श्रीराम के आगमन पर
दीपावली मनाएं
BOOKING OPEN
AAKRITI
INFRASTRUCTURE AND PROJECTS PVT. LTD.
PROJECT BY :
M/s AAKRITI INFRASTRUCTURE & PROJECTS (P) LTD.
B-201, K.P. Enclave, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi
Phone : 9431126240, 7004347606
Location Map
TOWARDS RAMGARH
TOWARDS RAMGARH

# राम मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा और राजनीति



प्रशांत झा

गायक अनुप जलोटा का एक भजन है, 'राम राम की लूट है, लूट सके तो लूट...तेरे तन में राम, मन में राम, रोम-रोम राम रे, ध्यान लगा ले राम रतन को, छोड़ जगत के काम रे। बोलो राम, बोलो राम, बोलो राम राम, राम।' राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा आज है। देश नहीं विश्व में इसे लेकर उत्साह है। पूरा देश राममय हो गया है। हर तरफ राम-राम की चर्चा है। इससे इतर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को राजनीतिक चश्मे से भी देखा जा रहा है। भाजपा पर कार्यक्रम को राजनीतिक रूप देने, हाइजैक करने, चुनावी लाभ का प्रयास करने आदि आरोप लगाये जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा, आप जैसे कई दलों के नेताओं को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से खुद को अलग कर लिया। प्राण-प्रतिष्ठा के न्योता को ठुकरा दिया। भाजपा द्वारा उठाये जा रहे कदम राजनीतिक है या नहीं? भाजपा ने कार्यक्रम को हाइजैक किया या नहीं? विपक्ष का आरोप सही है या गलत? विपक्ष ने न्योता ठुकरा कर सही किया या गलत? इस तरह की तमाम बातें बहस के विषय हैं। इनके पक्ष-विपक्ष दोनों बिंदुओं पर लोगों के अपने-अपने तर्क हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव में लाभ या घाटा यह अभी भविष्य के गर्भ में है। इन बातों को छोड़ कर अयोध्या और राम मंदिर से देश हित, आस्था और आम लोगों के फायदे-नुकसान का आकलन करना चाहिए। इस आकलन में पलड़ा हमेशा राजनीति से ज्यादा भारी दिखेगा।

## शिलान्यास से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक विवाद:

नवंबर 2019 में नौ साल की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में विवादित भूमि पर मंदिर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को नये राम मंदिर की नींव रखी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही राजनीतिक विवाद भी सुगबुगाता रहा। शिलान्यास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी पर सवाल उठाये गये। तब पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की चर्चा भी खूब हुई, जो पंडित नेहरू की सलाह की अनदेखी कर गुजरात में सोमनाथ मंदिर के समारोह में शामिल हुए थे। पहला सवाल यह है कि भाजपा ने दशकों पहले राम मंदिर निर्माण की पहल की थी। दूसरा कोई भी बड़ा काम होता है, तो देश के मौजूदा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि से उद्घाटन-शिलान्यास की एक परंपरा रही है। यह अलग बात है कि भाजपा के शासनकाल में शिलान्यास और उद्घाटन दोनों हो रहा। नतीजतन भाजपानीत सरकार के मुखिया को शिलान्यास और उद्घाटन का मौका मिला। देश में कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका शिलान्यास और उद्घाटन सत्ता के बदलाव के कारण अलग-अलग दल के नेताओं ने किया। यह कोई विवाद का विषय ही नहीं है। राम मंदिर निर्माण में चंदा को लेकर कांग्रेस ने तरह-तरह के आरोप लगाये। उस पर विवाद खड़ा किया। सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सपा नेता पवन पांडेय और आप के सांसद संजय सिंह ने इस मुद्दे पर कई प्रेस कांफ्रेंस भी किये। इन नेताओं ने राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर भूमि खरीदने में घोटाले का आरोप भी लगाया। इस विवाद में चंपत राय और अयोध्या के भाजपा के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम भी खूब उछला। कांग्रेस नेता कांतिलाल भूरिया ने तो भाजपा नेताओं पर चंदे से पैसे से दारू पीने का आपत्तिजनक बयान भी दिया। तीर्थ क्षेत्र की ओर से कहा कि वह पाई-पाई का हिसाब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को देते हैं। कुछ समय बाद यह विवाद थम गया, क्योंकि अभी तक कोई भी चंदे में हेराफारी या सरकारी धन के दुरुपयोग का सबूत तो नहीं दे सका है। बगैर सबूत के केवल बयानबाजी कर विवाद में डालना कितना उचित है, यह सोचनीय है।

## विपक्ष की चिंता नाजायज नहीं:

राम मंदिर पर पूर्व की राजनीति को समझने के लिए इतिहास को खंगालना और पढ़ना होगा। वर्तमान परिस्थिति में इतने पीछे जाने की जरूरत नहीं है। आम लोगों की बात करें, तो राम मंदिर के बारे में उनकी यादाशत 1990 से निकलती है। उस वक्त के बच्चे युवा हो चुके हैं और युवा अब बुजुर्ग की श्रेणी में जा रहे। इन सभी के मानस पटल और जुबान पर 1990 का राम मंदिर आंदोलन, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा और बाबरी विध्वंश मौजूद हैं। उस वक्त के बच्चे जो अभी युवा हैं, उनके भी जेहन में यही बातें सुनते-सुनते रचीबसी हैं। ये सभी अभी मतदाता हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के चार महीने के भीतर लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में विपक्ष की चिंता नाजायज नहीं है। क्योंकि 1990 में राम मंदिर का आंदोलन का असर गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु भी देखा गया था। पिछले दिनों हुई आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक में राजद नेता लालू यादव ने इस पर चिंता भी जाहिर की थी। कहते हैं, चिंता से चतुराई घटे। विपक्ष के साथ भी वही हुआ। विपक्ष केवल चिंता करता रह गया। मौजूदा माहौल को न ही भांप सका और न ही समाधान निकाल सका।

## अपनी गलती को दूसरे पर मढ़ना कितना उचित:

केंद्र सरकार पर कायर्क्रम को हाइजैक करने का आरोप लग रहा है। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल धार्मिक को भाजपा का कायर्क्रम बनाने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के न्योता को ससम्मान अस्वीकार कर दिया कि भाजपा ने इसे अपना कार्यक्रम बना लिया है। राजद नेता लालू यादव, जदयू नेता नीतीश कुमार, टीमएसी नेता ममता बनर्जी, सपा नेता अखिलेश यादव, बसपा नेता मयावती समेत तमाम विपक्षी दलों ने कार्यक्रम से दूरी बना ली। विपक्ष अपनी गलती को दूसरे पर मढ़ने का प्रयास कर रहा। अगर भाजपा ने कायर्क्रम को तथाकथित हाइजैक किया, तो मौका किसने दिया। राम मंदिर के लिए भाजपा और आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों ने 35 साल तक आंदोलन चलाया है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में राम मंदिर शामिल रहा है। राम मंदिर के तय समय के भीतर निर्माण में पीएमओ और यूपी की योगी सरकार ने रुचि ली। जिस वक्त आडवाणी का रथ निकला था, क्या केवल भाजपा और आरएसएस का लोग ही कारसेवक थे? जवाब होगा, नहीं। कारसेवा में दूसरे दल के लोग और आम लोग भी जुड़े। भले ही इनमें से कुछ कालांतर में भाजपा में शामिल हो गये हों, लेकिन सभी भाजपा के हैं, ऐसा नहीं है। अब जब देश के लिए मंदिर निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा गर्व की बात है, तो इससे से दूरी कैसी? विपक्षी दलों ने खुद ही शुरू से दूरी बना कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी और भाजपा को खेलने का खुला मैदान दे दिया। क्योंकि प्राण-प्रतिष्ठा में भाजपा का झंडा तो नहीं लग रहा। जहां तक उम्मीद है, मंच और आसापास के क्षेत्र में भी भाजपा का झंडा नहीं होगा। भाजपा अगर चुनावी नजरिये से इस कार्यक्रम के जरिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर घर-घर पहुंचने का प्रयास कर रही, तो अनुचित क्या है। इसमें सरकार का पैसा तो नहीं लगाया जा रहा। भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ता कार्यक्रम के बहाने घर-घर पहुंच रहे, लेकिन भाजपा का प्रचार तो नहीं कर रहे। वोट तो नहीं मांग रहे। वह तो राम-मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का घर-घर प्रचार-प्रसार किया। राम मंदिर के अक्षत और निमंत्रण को घर-घर पहुंचाने में मदद कर रहे। केंद्र सरकार ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया। विपक्षी दल भी कार्यक्रम के बहाने घर-घर अपने कार्यकताओं को पहुंचा सकते थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक बन सकते थे। उन्हें किसी ने न ही रोका न ही मना किया था। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन कार्यक्रम में नहीं भी शामिल हुए, तो बाद में किसी दिन अयोध्या जाने की घोषणा कर सकते थे। ऐसा तो अब तक नहीं हुआ। दूसरी बात सोशल मीडिया पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खबरें और वीडियो छाये हुए हैं। एक सामान्य व्यक्ति के सोशल मीडिया एकाउंट की जांच कर लें। वह भी दिन भर में कम से कम एक राम मंदिर और प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी खबरें, वीडियो आदि शेयर कर रहा है। क्या ये सभी भाजपा के कार्यकर्ता या भाजपा के समर्थक या नरेंद्र मोदी के फॉलोअर हैं? क्या ऐसा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है? क्या इसमें भाजपा का झंडा लगा हुआ है? यकीनन जवाब होगी नहीं। आम लोग इसे अपना कार्यक्रम मान रहे। लोग इससे खुद जुड़े हैं। सोशल मीडिया पर प्राण-प्रतिष्ठा की खबरों को शेयर करने वाले भाजपा के समर्थक और विरोधी दोनों मिल जायेंगे। ऐसे में प्राण-प्रतिष्ठा भाजपा का कार्यक्रम कैसे हो गया?





### आजाद सिपाही विशेष

> राम मंदिर और प्राण-प्रतिष्ठा पर कम से कम राजनीति नहीं ही हो, तो बेहतर है। भाजपा को भविष्य में इसका चुनावी लाभ कितना होगा, यह तो जनता पर निर्भर है, फिलहाल यह केवल और केवल लोगों की आस्था और विश्वास से जुड़ा है। लोग अभी तो इसे इसी नजरिये से देख रहे। इसलिए कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों को भी इसे राजनीतिक रूप देने से बचना चाहिए। केंद्र सरकार और भाजपा को भी राजनीतिक कटाक्ष से दूर रहना चाहिए। यह देश हित में होगा। राम मंदिर देश की संस्कृति, आस्था, विश्वास, पर्यटन स्थल, रोजगार के मजबूत स्तंभ के रूप में और अडिग हो कर खड़ा होगा।

## सबसे अहम है लोगों की आस्था:

राम मंदिर के साथ विवाद शुरू से जुड़ा रहा। राजनीति में इसकी एंट्री के बाद हमेशा राम मंदिर पर बयानबाजी होती रही। चुनाव समेत कई मौके ऐसे आये, जब खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले राजनीतिक दलों ने खुलकर राम मंदिर को विवादों में घसीटा। अब राम मंदिर बनकर तैयार है और प्राण-प्रतिष्ठा हो रहा, तो इसके अच्छे पहलू को देखने की बजाय, चुनावी नफा-नुकसान के पहलू तलाशे जा रहे हैं। जबकि समझने की यह जरूरत है कि इन सबसे हटकर दो शब्द है आस्था और विश्वास। ये दोनों शब्द ऐसे हैं, जो बिकते नहीं हैं। किसी को किसी के प्रति जबरदस्ती पैदा नहीं की जा सकती है। चाहे वह भगवान ही क्यों न हों। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा अरबों की इस आबादी की आस्था और विश्वास को बदल देंगे या बदल दिया है, ऐसा नहीं है। मोदी और भाजपा के घोर विरोधी का भी भगवान राम में आस्था हो सकता है और है भी। अगर ऐसा नहीं होता, तो विपक्ष के राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के मुद्दे आपस में मतभेद नहीं होता। विपक्षी दल में कई ऐसे नेता हैं, जो राजनीतिक रूप से भले ही विरोध कर रहे हों, लेकिन राम मंदिर निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा का विरोधी नहीं हैं। क्योंकि उनकी राम के प्रति आस्था और विश्वास है। कई लोग हैं जो भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित हैं। उनके पक्षधर हैं, लेकिन मंदिर निर्माण या प्राण-प्रतिष्ठा में उनकी दिलचस्पी नहीं है। क्योंकि उनकी आस्था अलग है। इन दोनों तरह के लोग अपने आसपास समाज में ही मिल जायेंगे। इसलिए मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा राजनीति से हट कर ह्यआस्था और विश्वासह्ण का विषय है। अगर ऐसा नहीं होता तो अयोध्या से सात समंदर पार अमेरिका में प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम का आयोजन नहीं होता। मोरिशश में छुट्टी की घोषणा नहीं होती। विपक्ष मीडिया पर आरोप लगाता है कि पीएम मोदी के पीछे-पीछे चल रहा। राम मंदिर और प्राण-प्रतिष्ठा के अलावा पिछले कई दिनों से अखबार-टीवी के पास खबर ही नहीं है। सरकार अन्य मुद्दों को दबाने के लिए राम मंदिर का मुद्दा ले आयी है। मीडिया उसमें सहायक बना हुआ है। यहां सवाल उठता है कि सोशल मीडिया किनके हाथों में है? वह तो मीडिया के हाथों में नहीं है? क्यों उस पर राम मंदिर का मुद्दा छाया हुआ है? कांग्रेस न्याय यात्रा निकाल रही है। यात्रा अभी नार्थ-इस्ट में है। क्यों नहीं वहां से आम लोग केवल इसी यात्रा का वीडियो डाल रहे? दरअसल हर चीज का एक वक्त होता है। अभी लोगों की रुचि राजनीतिक बातों में नहीं है। उनके जेहन में चुनाव नहीं है। हर घर में दिन में एक नहीं कई-कई बार राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की चर्चा हो रही। पूरे देश के हर छोटे-बड़े मंदिर में 22 जनवरी को विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी है। पूरा देश राममय है। विश्व की नजर इस कार्यक्रम पर टिकी है। ऐसे में अगर मीडिया हाउस दूसरा राग अलापेंगे तो लोग कितना पसंद करेंगे। इस पर भी जरा सोचें। वैसे भी एक सार्थक जीवन और समाज, दोनों की ही नींव आस्था पर टिकी होती है। आस्था व्यक्ति के जीवन में न केवल ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि उसे दिशा देने में भी सहायक होती है।

## राजनीतिक चश्मे को उतार कर देखने की जरूरत:

भारत का पर्यटन के रूप में विश्व में आज से नहीं, कालांतर से नाम रहा है। मुगल, अंग्रेज सभी पर्यटक के रूप में ही पहले इस देश को देखा। भारत को संस्कृति, कला, पर्यटन विरासत में मिली है। आज भी देश में लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। यह राजस्व का एक बड़ा जरिया है। विशव के कई ऐसे देश हैं, जिनकी पूरी आर्थिक स्थिति इसी पर्यटन पर टिकी है। पूरा विश्व कोरोना महामारी से अब तक पूरी तक उबर नहीं पाया है। हालत थोड़-बहुत सुधरे तो पर्यटकों का आना शुरू हुआ है। भारत में वर्ष 2023 मे 72 लाख से अधिक पर्यटक आये। बीते सालों की तुलना में यह 106 फीसदी की वृद्धि है। जिस तरह से राम मंदिर निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले कर गयी है, इससे सहज ही पर्यटकों के बढ़ने का अंदाजा लगाया जा सकता है। पर्यटक आयेंगे तो देश का राजस्व निश्चित रूप से बढ़ेगा। यह तो केवल विदेशी पर्यटकों की बात है। अगर घरेलू पर्यटकों की बात करें तो धर्म स्थलों पर लगने वाली भीड़ खुद इस बात का बयां कर देगी कि कितने घरेलु पर्यटक अयोध्या तक पहुंचेंगे। कहा जाता है, तीर्थ स्थल बड़े-बुजुर्ग को आकर्षित करता है। यह मान्यता वाराणसी का कायपलट होने के बाद बदल गयी है। हालिया सर्वे बताते हैं कि वारणसी के स्वरूप बदलने के बाद पर्यटक के रूप में भारी संख्या में युवा आये हैं। युवाओं को यह स्थल आकर्षित कर रहा है। यहां जो विकास के काम हुए उससे रोजगार का अवसर बढ़े। अयोध्या की बात की जाय, तो यहां केवल राम मंदिर ही नहीं, पूरे शहर में विकास के काम हुए हैं। रोजगार के रास्ते खोले गये हैं। नये एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन आदि के होने से लोगों के आवागमन में सुविधा बढ़ी है। मंदिर से लेकर पूरे शहर का कायाकल्प हो गया है। यह केवल धार्मिक ही नहीं, पर्यटन स्थल के रूप में भी लोगों को आकर्षित करने के लिए तैयार हो गया है। इसलिए राम मंदिर के निर्माण को राजनीतिक चश्मे को उतार कर देखने की भी जरूरत है। इससे भविष्य में देश, वहां की जनता को होने वाले लाभ को नकारा नहीं जा सकता है। अगर ऐसा नहीं होता, तो दूसरे संप्रदाय के लोग वहां के विकास से खुश नहीं होते। वह कहते भी हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर बढ़ने का दावा नहीं करते। अयोध्या का नाम देश ही नहीं विश्व फलक पर जाने पर गर्व महसूस नहीं करते।

# आज कलयुग में त्रेता का अनुभव हो रहा है

## करोड़ों सनातनियों की झोंपड़ी के भाग्य खुलनेवाले हैं

## यह भगवान राम की लीला नहीं तो और क्या है

## धन्य हैं वे असंख्य रामभक्त, जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर यह दिन लाया



राकेश सिंह

आज 22 जनवरी 2024 है। इस दिन के लिए भारतवर्ष के हर सनातनी ने 500 वर्षों का लंबा इंतजार किया। विडंबना देखिए अपने ही देश में, अपनी ही जन्मस्थली पर भगवान राम एक स्थान को तरस गये थे। कभी उन्हें टेंट में रहने को मजबूर रहना पड़ा, तो कभी सलाखों के पीछे। कभी-कभी तो इतनी पीड़ा होती है यह देख-सुन कर कि कैसे अपने ही लोग अपने ही लोगों के दुश्मन बने हुए हैं। धर्म क्या परिवर्तित हुआ, अपने आराध्य को ही भूल गये। खैर अब खाई इतनी चौड़ी हो चुकी है कि इसमें घुसना तर्कहीन होता चला जायेगा। सबके अपने-अपने तर्क हैं, अपने-अपने ज्ञान, अपना-अपना धर्म और अपने-अपने आराध्य। आज भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोल रहा है। वह खुद पर गर्व कर रहा है। यह गर्व का पल असंख्य रामभक्तों के प्राणों की आहुति के बाद आया है। कलयुग में त्रेता का अनुभव इन्हीं बलिदानियों के बलिदान से आया है। हम कितने भाग्यशाली हैं कि यह क्षण हम जी रहे हैं। हम भगवान राम का भव्य मंदिर अपनी आंखों से देख रहे हैं। आज संपूर्ण भारतवर्ष रामधुन में मगन है। हर गली-मोहल्ले, चौक-चौराहों पर भगवा ही भगवा है। घर-घर में राम की चर्चा हो रही है। घर की छतों पर भगवा ध्वज लहरा रहा है। मंदिर में भजन कीर्तन चल रहा है। दूर-दूर से लोग मंदिरों में रामधुन सुनने आ रहे हैं। भगवान राम के लिए पकवान बनाने की व्यवस्था की जा रही है। कोई गीत गा रहा है, कोई नाच रहा है, कोई झूम रहा है, किसी की आंखों में खुशी के आंसू हैं, तो कोई मुस्कुराते रामलला की छवि का दीदार कर रहा है। जय श्रीराम के नारों से आसमान गूंज रहा है। पूजा दुकानों में भीड़ है। कोई दीया खरीद रहा है, कोई राम जी का झंडा खरीद रहा है, कोई रामलला की तस्वीर खरीद रहा है, कोई राम मंदिर की आकृति। देर शाम राजधानी की विभिन्न सब्जी मंडियों में भी भारी भीड़ दिखी। रामलला के आगमन पर घर-घर में पकवान भी सोंधी खुशबू भी आयेगी। विभिन्न तरह के लजीज व्यंजन बनाने की तैयारी भी कर ली गयी है। सड़कों पर राम नाम की शोभा यात्रा निकाली जा रही है। झुंड का झुंड उन यात्राओं में समाहित हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे भी जय श्रीराम के नारों के साथ रैलियों में भाग ले रहे हैं। संपूर्ण वातावरण राममय हो चुका है। देश का हर सनातनी अपने आराध्य भगवान राम के स्वागत के लिए बैचेन है। जो जहां है व ह



अपनी हैसियत और श्रद्धा के हिसाब से भगवान राम के आगमन की तैयारी कर रहा है। कहीं जागरण चल रहा है, कहीं मंदिरों में घंटा-झाल बजा कर रामायण का पाठ हो रहा है। सड़कें भगवान राम के झंडों से पटी पड़ी हैं। फूलों से लोग एक दूसरे का स्वागत कर रहे हैं। क्या छोटा, क्या बड़ा सब भगवान राम की भक्ति में श्रद्धा के साथ लगे हुए हैं। कोई नये-नये गाने बना रहा है। कोई उन गानों में रील्स बना रहा है। कोई बच्चों के लिए रामलला की पोशाक खरीद रहा है। कोई डीजे बजा कर जय सिया राम की धुन बजा रहा है। हर एक कदम पर राम ही राम हैं। कोई भगवान राम की रंगोली बना रहा है। कोई रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने की तैयारी में लगा है। घर-घर में तारीखें तय की जा रही हैं कि अयोध्या दर्शन के लिए कब जाना है। एक तरफ रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी, दूसरी ओर रंग में भंग डालने वालों की भी कमी नहीं है। ऐसा तो हर दौर में देखने को मिला है। भगवान राम इसके आदि हो चुके हैं। उन्हें बेहतर पता है कि उनके राज्य में भी ऐसे लोग थे, जो रंग में भंग डाला करते थे। लेकिन जब वही राजा हैं तो राजा के लिए हर प्रजा एक समान है। उन्होंने अपनी प्रजा को हमेशा आगे रखा। प्रजा के कारण ही वह हर युद्ध जीत पाये और प्रजा के कारण ही उन पर दुखों का पहाड़ भी टूटा, लेकिन उन्होंने अपनी प्रजा में भेद नहीं किया, कभी उन पर अत्याचार नहीं किया। तभी तो राजा राम को आज भी एक आदर्श राजा के रूप में देखा जाता है। राजा के रूप में ही पूजा जाता है। आज अगर भव्य राम मंदिर निर्माण पार कुछ लोग तर्कों के बाण चला रहे हैं, तो उसमें उनका दोष नहीं है। यह स्वतंत्रता उन्हें भगवान राम ने ही दी है। यह सनातनियों का कलेजा ही है कि 500 वर्षों के बाद एक मंदिर मिल रहा है, जिसके लिए करोड़ों लोग कुर्बान हो गये, फिर भी उसमें कुछ न कुछ लोगों को बोलना ही है, और सहना भी है। राम मंदिर भावना है और भावना में कोई तथ्य काम नहीं आता। भावना वह धारा है, जो बिना रोक-टोक बहती है। और यह तो राम की धारा है, जिसने करोड़ों सनातनियों को एक सूत्र में जोड़े रखा है। आज कलयुग के इस दौर में जब भगवान राम के साक्षात दर्शन होने वाले हैं, तो हमारे देश में कई ऐसी राजनीतिक पार्टियां हैं, जो भगवान राम से भी खुद को बड़ी मानती हैं। राम के निमंत्रण को सीधे तौर पर ठुकरा देती हैं। लेकिन कितने बेबस हैं, उन पार्टियों के सनातनी, जो दिल में राम को तो रखते हैं, लेकिन दिखा नहीं पा रहे। मन तो उनका भी राम की तरफ है, लेकिन वे मजबूर हैं। अरे राम से बड़ी कौन सी पार्टी है। उठो जागो राम का नाम लो, अयोध्या जाओ उनका दर्शन करो। राम मंदिर का विरोध मत करो। अपनी पत्नी से पूछो, बच्चों से पूछो, परिवार के एक-एक सदस्य से पूछो, अपनी आत्मा से पूछो सब कहेंगे जय श्रीराम।

पता है जब मुलायम सिंह यादव ने राम भक्तों पर गोलियां चलवायी थीं, उस वक्त उनके छोटे-छोटे बच्चे भी साथ थे। उनकी लाशों में बालू ठूंस-ठूंस कर बोरा में बांध कर सरयू में फेंका गया था। आत्मा कांप जायेगी यह सब सुन कर। ऐसे ही राम मंदिर हिंदुओं को नहीं मिला। कैसे कोई हजारों रामभक्तों पर गोलियां चलवा सकता है। उस 1990 के गोलीकांड में अयोध्या की गलियां खून से लथपथ हो गयी थीं। हर तरफ फायरिंग। चीत्कार। कैसे नहीं किसी का कलेजा रोता है। कैसे पुलिसवालों के हाथ नहीं कांपे।

खैर अब खुशियां मनाने का वक्त आ गया है। उन बलिदानियों को सम्मान देने का वक्त आ गया है। खूब दिया जलायेंगे, खूब नाचेंगे, खूब झूमेंगे, भगवान राम के स्वागत में त्रेता वाली दीपावली मनायेंगे। अपनी झोपड़ियों के भाग्य चमकायेंगे। अपने आनेवाली पीढ़ी को इस ऐतिहासिक क्षण के बारे में बतायेंगे। आज हर सनातनी सौभाग्यशाली है कि राम मंदिर निर्माण का गवाह बन रहा है। पुश्तों-पुश्तों तक यह कहानी कही जायेगी। राम मंदिर निर्माण के इस ऐतिहासिक क्षण के बारे में बात की जायेगी कि कैसे कलयुग में भी त्रेता का अनुभव हुआ था।

# अलौकिक और नयनाभिराम है रामलला की प्रतिमा

## ■ कृष्ण शैली में है मूर्ति, श्यामल है रंग, आभामंडल में दशावतार
## ■ प्रभु के दर्शन से अभिभूत ही नहीं, भावविभोर हो जायेंगे श्रद्धालु
## ■ अरुण योगीराज ने प्रतिमा ही नहीं गढ़ी, भक्ति का इतिहास रचा है

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत की आध्यात्मिक राजधानी श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का वह पवित्र और भाव-विह्वल कर देनेवाला क्षण आ गया है, जिसकी प्रतीक्षा दुनिया भर के सनातनियों को पांच सौ साल से थी। मंदिर के उद्घाटन और प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के इस अलौकिक आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और दुनिया अब उस पल के इंतजार में है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की अलौकिक प्रतिमा की आंखों पर बंधी पट्टी को खोल कर इसे भक्तों के दर्शन के लिए अर्पित कर देंगे। इसके बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का जो सैलाब उमड़ेगा, उसकी कल्पना मात्र से सिहरन होती है। लेकिन दर्शन से पहले यह जानना भी जरूरी है कि आखिर इस प्रतिमा में ऐसी क्या विशेषताएं हैं, जिनके कारण भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के प्रतीक इस मंदिर में स्थापित किया जा रहा है। कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा गढ़ी गयी इस प्रतिमा की विशेषताओं की जानकारी के बिना इसके दर्शन का वास्तविक आनंद प्राप्त नहीं हो सकता है। इसलिए इस प्रतिमा की समस्त विशेषताएं, चाहे वह आध्यात्मिक हो या धार्मिक या फिर कलात्मक, जान लेना जरूरी है। भगवान श्रीराम की बाल स्वरूप की यह प्रतिमा अद्भुत और अलौकिक ही नहीं, भक्तों को भाव-विह्वल कर देनेवाली है। क्या है इस प्रतिमा की विशेषताएं और कौन हैं अरुण योगीराज, जिन्होंने इसे गढ़ा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का क्षण बस आने ही वाला है। इससे पहले यहां विधियों और अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के दौरान तमाम धार्मिक कर्मकांड पूरे किये गये और अब भक्तों की आंखें उस रामलला के दर्शन के लिए तरस रही हैं, जो कुछ घंटे बाद प्राण प्रतिष्ठित होनेवाले हैं। पांच सौ साल की तपस्या, संकल्प, संघर्ष और बलिदान के बाद अंततः वह क्षण आ ही गया है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर बनाये गये मंदिर में विराजेंगे। आज जब पूरी दुनिया राममय हो चुकी है, तो यह जानना दिलचस्प है कि अयोध्या के जन्मभूमि मंदिर में जिस रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, उसकी विशेषता क्या है। मंदिर में स्थापित होनेवाली रामलला की मूर्ति की बेहद खास है। प्रतिमा में उनके पूरे स्वरूप को देखा जा सकेगा। रामलला माथे पर तिलक लगाये बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं।

### रामलला की प्रतिमा की क्या विशेषता है

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होनेवाली भगवान राम के बाल रूप की प्रतिमा को गर्भ गृह में स्थापित कर दिया गया है। दरामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। राम लला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। मूर्ति की विशेषताएं देखें, तो इसमें कई तरह की खूबियां हैं। मूर्ति श्याम शिला से बनायी गयी है, जिसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मूर्ति का वजन करीब दो सौ किलोग्राम है। इसकी कुल ऊंचाई 4.24 फीट, जबकि चौड़ाई तीन फीट है। कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर और धनुष है। कृष्ण शैली में मूर्ति बनायी गयी है।

### और क्या खास है?

मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। रामलला के चारों ओर आभामंडल है। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं। मूर्ति के नीचे एक ओर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी, तो दूसरी ओर गरुड़ जी को उकेरा गया है।

### झलक रही है बाल सुलभ कोमलता

मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। मूर्ति को मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों का कहना था कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

### कठिन था मूर्ति का चयन

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में तीन मूर्तियों को स्थापित किया जायेगा, जिसमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जायेगा। इनके बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल तो यह था कि गर्भ गृह में किस रूप में राम लला विराजमान होंगे। मूर्तिकारों ने तीनों मूर्तियों को इतना सुंदर बनाया कि चयन करना कठिन हो रहा था कि कौन सी सुंदर है और कौन सी उतनी नहीं है। अंततः बाल रूप वाली मूर्ति को राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजने का फैसला लिया गया।



### विग्रह की हैं अनेक विशेषताएं, मूर्ति के प्रतीकों में है खास ऊर्जा

गर्भगृह में विराजमान रामलला का विग्रह बेहद सुंदर है और भावुक कर देने वाला है। विग्रह के अनुसार रामलला की आयु पांच वर्ष है और उनके चारों और कुछ प्रतीक बनाये गये हैं, जिनसे इस विग्रह को ऊर्जा प्राप्त होगी।

### विग्रह के खास चिह्न

आम तौर पर जो प्रकट विग्रह होते हैं, वो कुछ खास चिह्न और निशानी लेकर प्रकट होते हैं, जो कि उनकी शक्ति को बढ़ा देते हैं। मूर्तिकार ने इसी बात का विशेष ध्यान रखा है। अगर ध्यान से देखें तो कहीं से भी पत्थर को तोड़ा नहीं गया है। श्री राम लला विराजमान के मस्तक के ठीक ऊपर भगवान सूर्य नारायण का प्रतीक है। सूर्य जगत की आत्मा है और श्री राम सूर्यवंशी हैं, इसलिए उनके मस्तक के ऊपर आशीर्वाद के रूप में सूर्य नारायण को रखा गया है।

### मूर्ति की दायीं ओर ॐ और स्वस्तिक

मूर्ति की दायीं ओर ॐ और स्वस्तिक का चिह्न है। शिवपुराण विद्येश्वर संहिता के अनुसार शिव के पांच मुख हैं और ॐ उनके मुख से निकली पहली ध्वनि है। शब्द सिद्धि के लिए ॐ बेहद जरूरी है, इसलिए मूर्तिकार ने ॐ के प्रतीक को बनाया। इसके बाद स्वास्तिक को भी जगह दी, जिसके बिना कोई शुभ कार्य नहीं हो सकता। स्वास्तिक को हिंदू धर्म में गणेश जी का प्रतीक माना गया है, इसलिए विघ्नहर्ता के रूप में स्वास्तिक विराजमान हुआ है।

### मूर्ति की बायीं ओर चक्र और गदा

इसके बाद विग्रह की बायीं ओर देखेंस तो चक्र और गदा है। इसका सीधा संबंध विष्णु से है। दरअसल विष्णु को देवताओं का नायक कहा गया है और देवासुर संग्राम में विष्णु ही देवताओं की मदद करते हैं। श्री राम उन्हीं विष्णु के अवतार हैं और वो चक्र-गदा को धारण करते हैं। इसलिए आसुरी शक्तियों का नाश करने के लिए इस विग्रह को चक्र और गदा से आभामंडित किया गया है।

### श्री विष्णु के 10 अवतार

अगर और ध्यान से देखें, तो दायीं और बायीं दोनों ओर श्री विष्णु के 10 अवतारों के प्रतीकों को उकेरा गया है। मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि अवतार को दोनों ओर जगह दी गयी है।

### हनुमान जी को श्री राम के चरणों के पास स्थान

दायीं ओर वामन अवतार के नीचे हनुमान जी विराजमान हैं, जो शिव के रूद्र रूप हैं और त्रेता में उन्होंने श्री राम की सेवा के लिए रुद्रावतार लिया था। इसलिए मूर्तिकार ने हनुमान जी को श्री राम के चरणों के पास स्थान दिया है। श्री राम के चरण के पास ही कमल है, जो श्री यानी लक्ष्मी का प्रतीक है। श्री विष्णु कभी भी अपनी शक्ति के बिना कोई कार्य नहीं करते, इसलिए कमल को शक्ति रूप में विराजित किया गया है।

### गरुड़ को भी दिया स्थान

बायीं ओर कल्कि अवतार के प्रतीक के नीचे गरुड़ को विराजित किया है। महाभारत के अनुसार ऋषि कश्यप और विनता के पुत्र गरुड़ को श्री विष्णु ने अपना वाहन बनाया था, इसलिए मूर्तिकार ने इस बात का भी विशेष ख्याल किया और गरुड़ को श्री राम के चरण के पास स्थान दिया है। इससे श्री विष्णु की ऊर्जा इस विग्रह को प्राप्त होती रहेगी।

## मूर्तिकार अरुण योगीराज : सात्विक आहार, हादसे के बाद आंख की सर्जरी, छह महीने परिवार से नहीं मिले

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में वैसे तो आज प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है, लेकिन उससे पहले ही रामलला की प्रतिमा की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आ गयी। इसके बाद भक्त भाव-विह्वल हो गये और पांच सौ वर्षों के संघर्ष एवं बलिदान के बाद आये इस पल पर अपनी खुशी रोक नहीं पाये। रामलला की इस प्रतिमा को कृष्णशिला से गढ़ने वाले कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की भी भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। अरुण योगीराज मैसूर के रहने वाले हैं। उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम में जगद्गुरु शंकराचार्य की जिस प्रतिमा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनावरण किया था, उसे उन्होंने ही बनाया था। इतना ही नहीं, दिल्ली के इंडिया गेट पर पीएम मोदी ने ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जिस प्रतिमा का अनावरण किया था, उसे भी अरुण योगीराज ने ही गढ़ा था। अब उनकी बनायी रामलला की प्रतिमा राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित हुई है। इस प्रतिमा को बनाने के दौरान वह सात्विक आहार पर थे और उनकी आंख में जख्म भी आया। अयोध्या के लिए अरुण सबसे उत्तम प्रतिमा बनाना चाहते थे। इस दौरान वह छह महीने तक अपने परिवार वालों तक से नहीं मिले। अयोध्या में वह अपने कुलदेव की पूजा के साथ दिन की शुरुआत करते थे। इसके बाद वहां के पंडितों द्वारा की जाने वाली पूजा-अर्चना में हिस्सा लेते थे। रामकथा के विद्वानों ने उनकी मदद की। उन्हें बताया कि श्रीराम कैसे दिखते थे, उनमें आमजन क्या देखते हैं। मूर्ति बनाने के दौरान एक हादसा भी हो गया और उनकी आंख में एक पत्थर का नुकीला टुकड़ा घुस गया था। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। कई दिनों तक उन्हें एंटीबायोटिक और पेनकिलर पर रखा गया। हालांकि, रामलला की भव्य प्रतिमा गढ़ने से उन्हें कुछ भी नहीं रोक सका। उनकी पत्नी विजेता ने जानकारी दी कि अरुण योगीराज 2008 में मैसूर यूनिवर्सिटी से स्नातक कर चुके हैं, लेकिन निजी कंपनी में नौकरी छोड़ कर उन्होंने अपने पारिवारिक पेशे को चुना। मैसूर के गुज्जे गौदाना पुरा स्थित एक जगह से पत्थर लाया गया, जिससे रामलला की प्रतिमा गढ़ी गयी है। यह दक्षिण भारत के सबसे प्राचीन पत्थरों में से एक है। अरुण योगीराज ने पहले ही कहा था कि यह भगवान राम के बाल स्वरूप की प्रतिमा है, लेकिन यह दिव्य भी होनी चाहिए, क्योंकि लोग उनमें ईश्वर को देख कर दर्शन करेंगे। अरुण योगीराज के दादाजी ने ही उनके मूर्तिकार बनने की भविष्यवाणी कर दी थी। वह बसवन्ना शिल्पी के 17 पोते-पोतियों में से एक हैं। उनके पिता का नाम योगीराज है। उनके दादा ने गायत्री मंदिर और भुवनेश्वरी मंदिर की प्रतिमाओं को गढ़ा। बसवन्ना शिल्पी मैसूर राजघराने के शिल्पश्री सिद्धलिंगा स्वामी के प्रिय शिष्यों में से एक थे।



## मूर्तिकार नवरत्न प्रजापति ने पेंसिल पर उकेरी भगवान राम की मूर्ति

अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसको लेकर समूचा देश भगवान राम की भक्ति में डूबा हुआ है। इसी क्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक मूर्तिकार नवरत्न प्रजापति ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने पेंसिल की नोक पर भगवान राम की अत्यंत सुंदर मूर्ति बनायी है। इसकी जानकारी देते हुए नवरत्न प्रजापति ने बताया, इसे पूरा करने में मुझे पांच दिन लगे। मूर्ति की ऊंचाई सिर्फ 1.3 सेमी है। यह दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति है। मैं इसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को उपहार में दूंगा और कोशिश करूंगा कि इसे श्री राम संग्रहालय में जगह दी जाये। गौरतलब है कि नवरत्न प्रजापति ने इससे पहले पिछले साल जनवरी में ही दुनिया का सबसे छोटा चम्मच बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। उनके इस रिकॉर्ड को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। उनका यह चम्मच मात्र दो मिलीमीटर लंबा था। जबकि इसका हैंडल मात्र बाल के बराबर मोटा था। इस चम्मच के आगे का प्याला 0.75 मिलीमीटर का था। उल्लेखनीय है कि नवरत्न प्रजापति इससे पहले भी कई मूर्तियों को पेंसिल पर उकेर चुके हैं।



## 500 साल के बाद सनातनियों का सपना साकार : महापंचायत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत की ओर से प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री सनातन महापंचायत के राज्य संयोजक ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली गयी।

इसमें मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जयसवाल, महानगर के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर सिंह, मृत्युंजय शर्मा, वरुण साहू, कुमुद झा, बिंदुल वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुए। ललित नारायण ओझा ने सभी अतिथियों को तलवार और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से दो हजारों की संख्या में राम भक्त पताका लेकर श्रीराम का जयघोष करते हुए भजन-कीर्तन करते ढोल-नगाड़े के साथ चल रहे थे। शामिल रामभक्त रातू रोड काली मंदिर, बजरंग बली मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, महावीर चौक होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर तक गये। 22 जनवरी को पंडरा मुख्य बाजार महावीर मंदिर में राजा राम की आरती की जायेगी। साथ ही साथ भजन संध्या का आयोजन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। मौके पर मृत्युंजय शर्मा, संजय माहुरी, उदय चौधरी, फिरंगी साव, संतोष सिंह, कुमुद झा, चंदन प्रजापति, मदन गुप्ता, लखन साहू, रामइकबाल चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

## जेसीआइ रांची ने की गो-सेवा



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को जेसीआइ ने हरमू रोड स्थित गौशाला में गो-माता की सेवा कर उन्हें गुड़, हरी सब्जी, रोटी खिलायी और पक्षी को दाना दिया। पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को सेवा कार्य में जुट राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की आवश्यकता है और हमलोग हमेशा सेवा कार्य करते रहे। सचिव मयंक अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भी देश भर में गो-सेवा का अभियान चलाया जा रहा है। इसमे देश भर के युवा बढ़-चढ कर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार कर वंदन कर रहे हैं।

## युवा महावीर मंडल ने श्रीराममय यात्रा निकाली




रांची (आजाद सिपाही)। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) के बैनर तले रविवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से भव्य श्रीराममय यात्रा निकाली गयी। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि बहुत दिनों से चल रही तैयारी का परिणाम है कि आज बहुत ही जोश खरोश के साथ भव्य श्रीराममय यात्रा निकाली गयी। रांची के पहाड़ी मंदिर से निकाली गयी यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंची। इसमें सोमवित माजी, दीपक ओझा, सोनू सिंह, बिट्टू सिंह, नेहा गिरी, विनय सिंह, आरिफ बट्ट, लखन सहनी, बिजेंदर सिंह, साहिल, मुस्कान पाठक, सूम्मी वर्मा, अर्चना चौबे, उज्जवल कुमार सिन्हा, मंटू पांडेय, डॉक्टर मुकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सोनी, अशोक यादव, अभिजीत राज, मीनू सिंह, सीनू वर्मा, सुप्रिया, खुशी कांकन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# राममय हुआ रामगढ़ और भुरकुंडा

**हनुमान मंदिर का होगी भव्य सज्जा, तोरणद्वार भी लगेंगे**

**बंगाली टोला में 151 किलो दूध की बनेगी खीर, रामलला को लगेगा भोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री रामदीप समिति नेहरू रोड बंगाली टोला के द्वारा सोमवार को रामलला विराजमान के अवसर पर पवनसुत हनुमान मंदिर का भव्य सज्जा किया गया है। साथ ही पूरे बंगाली टोला में विद्युत साज तोरण द्वार जगाया जायेगा। सुबह 9 बजे से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जो मंदिर से शुरू होते हुए नेहरू रोड कृष्ण पूरी बंगाली टोला, गोला रोड हो कर मंदिर में समाप्त होगा । साथ ही 151 केजी दूध का खीर बनेगा और प्रभु राम लला को भोग लगाया जायेगा। संध्या में भव्य दीपोत्सव किया जायेगा। पूरे मोहल्ले को 4100 दियो से जगमग किया जायेगा। सुबह रामलाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आरंभ के साथ ही मंदिर में पूजन आरंभ होगा और रामलाल के आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। आरती हनुमान चालीसा का पाठ और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित होगी।









## पतरातू में निकाली गयी शोभायात्रा

**पतरातू।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जी के विग्रह का प्राणप्रतिष्ठा होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक और पवित्र अवसर पर पूरा देश राम नाम के रस में डूब चुका है। पतरातूवासी भी भक्ति के सागर में गोते लगा रहे है। भक्ति के ज्वार में सवार पतरातू वाशियों के द्वारा रविवार को एक विशाल शोभायात्रा निकाला गया। इसमें मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय महासचिव निशि पांडे, आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, स्थानीय मुखिया गिरजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता आदि शामिल थे। यात्रा में डीजे के धुन पर हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा को सफल बनाने में पुनीत पाठक, महेंद्र गोप, महानंद सिंह, नारायण साहू, मनोज साहू, सुभाष साहू, दिगंबर सिंह, रवि दत्ता, रंजीत साहू, शशि पाठक सहित अन्य दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## कुजू में भगवा झंडों से पटा क्षेत्र

**कुजू ।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुजू कोयलांचल क्षेत्र राममय बना हुआ है। चौक चौराहा सड़कों पर भगवा झंडों के लहराने से पूरा क्षेत्र भगवाधारी नजर आ रहा है। साथ ही, क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े मंदिरों को भव्य साज सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। वहीं, मंदिरों में लगे आकर्षक विद्युत साज और ध्वनि विस्तारक यंत्र से बज रहे राम के भजनों से पूरा क्षेत्र रामलला के अयोध्या वापस विराजने का जश्न मना रहा है। क्षेत्र के कुजू शिव मंदिर, नया बाजार टांड़ हनुमान मंदिर, टूटी झरना मंदिर सहित केबी गेट, श्रीराम चौक, कुजू कोलियरी, चरणपहाड़ी बन्दराचुआ, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, पिंडरा, सांडी, भरेचनगर, रामाग्लास, दिगवार, पोचरा, करमा, सुगिया, धनबेडवा, ओरला आदि क्षेत्र के मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। जहां राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठान किया जाना है। वहीं, सनातन धर्म के लोग सहित बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आदि हिंदू संगठनों ने लोगों से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने के लिए हर घरों में घूम कर अयोध्या से आये अक्षत को बांट कर लोगों से घरों में दीपोत्सव मनाने की अपील की है। जिससे लोगों में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अपूर्व उत्साह दिख रहा है।


## प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गंगा आरती का आयोजन

**भुरकुंडा।** अयोध्या धाम में होने वाले राम मंदिर प्रांण-प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या रविवार की शाम भुरकुंडा-सौंदा डी नलकारी नदी तट के समीप गंगा महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान जय श्री राम जय हनुमान सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बनारस के आचार्य नितेश शास्त्री के सानिध्य में पंडित दीपक शास्त्री, पंडित सुजीत शास्त्री, पंडित अविनाश शास्त्री, पंडित शुभम पांडेय, पंडित रविन्द्र व्यासी सहित दस ब्राह्मणों के द्वारा शंखनाद के साथ किया गया। इसके बाद भव्य गंगा आरती हुई। इसमें धूपम आरती, नाग आरती, छाल आरती, चवल आरती के बाद पूर्ण आरती संपूर्ण हुआ। इसके बाद भजन का दौर शुरू हुआ। साथ ही शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पूर्व प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के सहयोग से पटेलनगर से भव्य राम दरबार की झांकी निकाली गई। झांकी के साथ भगवा झंडे व ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण किया गया। यह विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नलकारी नदी तट पहुंची। यहां भक्तों द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमान का रूप धरे का भव्य स्वागत किया गया। गंगा आरती के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूबा रहा। गंगा आरती में मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सिमरिया विधायक किशुन नायक, भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, पतरातू सीओ शिव शंकर पांडये, उपप्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पाडेय उर्फ नूनू पांडेय, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, राधे श्याम अग्रवाल, रामगढ़ के समाजसेवी अमित कुमार सिन्हा, सतीश सिन्हा, जगतार सिंह, सुखदेव प्रसाद, योगेश दांगी, दिलीप दांगी, अमरेश सिंह, संजीव कुमार बाबला उर्फ बबल सिंह, अवधेश सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, मुखिया अजय पासवान, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया व्यास पांडेय, पूनम साहु, डब्लू पांडेय, डॉ. नदीम अनवर सहित दर्जनो लोग मौजूद थें। इसके पूर्व आयोजन मंडली द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं रामचरित मानस देकर सम्मानित किया गया। इधर कोलांचल भुरकुंडा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य रूप से, शंकर यादव, सुनील कुमार, अर्जुन कुमार राम, अभिषेक करमाली, रोहित गुप्ता, सागर, बजरंगी, चंदन, मंटू, राजन, ऋषि कुमार, सागर कुमार, जनार्धन सिंह, अमित शर्मा, किशोर कुमार, अरुण, किरण तिवारी, हेमा वर्मा, नेहा, स्वाति साहू, नेहा ठाकुर, आरूसी कुमारी, परी, श्रेया सहित दर्जनो रामभक्त शामिल थें। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल पुलिस मुस्तैदी से डटी रही। श्रीराम गंगा महाआरती अनुष्ठान को सफल बनाने में आयोजक मंडली के अभय प्रताप सिंह, उपेंद्र शर्मा, ब्यास पांडेय, अजय पासवान, राकेश सिन्हा, अवितेश सिंह, विश्वरंजन सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, दीपक अग्रवाल, योगेश दांगी, अभिषेक दुबे, अनामिका श्रीवास्तव, विक्की सिंह, राजन सिंह, रवि बाउरी, दीपक कुमार, देवशंकर मंडल, सूरज करमाली, पंकज कुमार, अमित शर्मा, किशोर कुमार, राज नायक, श्रवण कुमार, मनोज सिन्हा, मुकेश चौहान, मोनू पांडेय, विष्णु कुमार, अविनाश गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

# रामलला की भव्य शोभायात्रा निकली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मरकच्चो।** प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर पंचायत स्थित ग्राम खेशमी, गुरहा में रामलला की भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली गयी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान बच्चे भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूप में नजर आये। शोभा यात्रा में शामिल राम भक्त सनातनी लोगों से 22 जनवरी को हर घर दीप जलाने और मंदिरों में पूजा पाठ करने का आग्रह करते नजर आये। शोभायात्रा जिन जिन मार्गों से गुजरी, वहां का वातावरण श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। मौके मुखिया बेदू साव, सत्य नारायण पांडेय, उमेश पांडेय, अरुण पांडेय, अजीत सिंह, दीपक सिंह, नंदकिशोर भारती व महिला पुरुष उपस्थित थे।





## मंत्री ने 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का किया शिलान्यास


**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के माननीय श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने सदर अस्पताल परिसर में 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मंत्री के आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत केंद्र सम्पोषित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल भवन का निर्माण किया जायेगा। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, समाजसेवी नवल किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम से पूर्व उपायुक्त अबु इमरान ने योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया।



## पगला आश्रम के सौजन्य से बांटे गये कंबल

**भुरकुंडा।** नव जागृति फाउंडेशन हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को मां सत बहिनी सेवा ट्रस्ट व रामनवमी पूजा समिति पगला आश्रम भुरकुंडा के सौजन्य से दिव्यांग, वृद्ध, गरीब-असहाय महिला-पुरूषों के बीच कंबल और दीया-बाती का वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी चमन लाल, समाजसेवी शक्ति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, भुनेश्वर मेहता, यदुनाथ प्रसाद व पंकज कुमार द्वारा लगभग 125 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बताया गया की अध्योध्या धाम में राम दरबार उद्घाटन के अवसर पर 125 दिव्य कलशों की विशेष पूजा की जा रही है। इसी उपलक्ष्य में बढ़ती ठंड से बचाव को लेकर दिव्यांग असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी गरीबों की सेवा के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्येंद्र सिंह, बबन राम, संजू यादव, बिपुल पटेल, राजेश ठाकुर, आकाश लोहरा, राहुल वर्मा, श्रवण कुमार, विकाश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।






# तकनीकी रूप से दक्ष हो पुलिस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पुलिस को आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने का आह्वान किया है। हाल ही में जयपुर में आयोजित देश भर के पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पुलिस को डंडे की जगह डाटा के साथ काम करना चाहिए। गौरतलब है कि इस दौर में लगातार साइबर अपराध बढ़ रहे हैं और अपराधी ज्यादा से ज्यादा डिजिटल तकनीक का सहारा ले रहे हैं। यही कारण है कि पुलिस तंत्र में भी डिजिटल संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। इसलिए बदलते माहौल में पुलिस की तकनीकी दक्षता बढ़ाये जाने की जरूरत बढ़ गयी है। दरअसल पुलिस की कार्य प्रणाली पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। कभी पुलिस सत्ता के हित में काम करती है तो कभी पीड़ितों की एफआइआर तक नहीं लिखी जाती है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस बल को और अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनाने की जरूरत पर बल दिया था। गौरतलब है काफी समय से पुलिस बल में सुधार की जरूरत महसूस की जा रही है। इस दिशा में कई स्तरों पर काम भी हो रहा है, लेकिन अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही हैं। यही कारण है कि एक तरफ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, तो दूसरी तरफ जनता के बीच पुलिस की छवि भी लगातार खराब होती जा रही है। यह शर्मनाक है कि कई मामलों में पुलिस अमानवीयता की हद पार कर देती है। इस दौर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस कब तक अमानवीय बनी रहेगी? आम धारणा यह है जब भी पुलिस का कोई अधिकारी किसी मामले की विवेचना करता है तो वह रिश्वत लेता है। इसमें कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन धारणा यह है कि ज्यादातर मामलों में ऐसा होता है। यह कटु सत्य है कि एक तरफ हमारे देश की पुलिस पर काम का अत्यधिक बोझ है, तो दूसरी तरफ पुलिस की कार्य प्रणाली आम आदमी को कोई राहत नहीं दे पाती है। इसका सीधा प्रभाव कानून व्यवस्था पर पड़ता है। गौरतलब है कि समय-समय पर पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। बार-बार ऐसी अनेक घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं, जो यह सिद्ध करती हैं कि हमारे देश की पुलिस में धैर्य और विवेक जैसे मानवीय मूल्यों की भारी कमी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पुलिस अनेक तौर-तरीकों से समाज में अनावश्यक डर पैदा करने की कोशिश करती है। सवाल यह है कि हमारे देश में पुलिस की भूमिका एक रक्षक की है या फिर भक्षक की? इस माहौल में यह जरूरी हो गया है कि सरकार पुलिस बल को सुधारने की तीव्रता से पहल करे। पुलिस बल के सुधार की प्रक्रिया में जहां एक ओर हमें पुलिस पर काम का बोझ कम करने पर ध्यान देना होगा वहीं दूसरी ओर पुलिस के व्यवहार को सुधारने पर भी काम करना होगा। तभी पुलिस बल में सुधार का असली उद्देश्य पूर्ण हो पाएगा। पुलिस का काम कानून और व्यवस्था के तंत्र को सुधारना है न कि उसे बिगाड़ना। पुलिस के संदिग्ध क्रियाकलापों से न केवल कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है बल्कि जनता के बीच उसकी छवि भी धूमिल होती है। यह सुनिश्चित करना पुलिस का कर्तव्य है कि समाज में अनावश्यक डर भी पैदा न हो और कानून-व्यवस्था की स्थिति भी स्थिर बनी रहे।

**यह कटु सत्य है कि एक तरफ हमारे देश की पुलिस पर काम का अत्यधिक बोझ है, तो दूसरी तरफ पुलिस की कार्य प्रणाली आम आदमी को कोई राहत नहीं दे पाती है। इसका सीधा प्रभाव कानून व्यवस्था पर पड़ता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि, संपूर्ण भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्र की सामूहिक चेतना जागरण के ध्येय में भी सफल सिद्ध हुआ। श्रीरामजन्मभूमि, संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य की जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो।**

# अवधपुरी में लौटे भगवान श्रीराम



योगी आदित्यनाथ

**जासु बिरहं सोचहु दिन राती। रटहु निरंतर गुन गन पांती॥
रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता। आयउ कुसल देव मुनि त्राता॥**

शताब्दियों की प्रतीक्षा, पीढ़ियों के संघर्ष और पूर्वजों के व्रत को सफल करते हुए सनातन संस्कृति के प्राण रघुनंदन राघव रामलला, आज अपनी जन्मभूमि अवधपुरी में नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर में अपने भक्तों के भावों से भरे संकल्प व स्वप्नरूप सिंहासन पर प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। 500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद आए इस ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर आज पूरा भारत भाव-विभोर और भाव-विह्वल है। पूरी दुनिया की दृष्टि आज मोक्षदायिनी अयोध्याधाम पर है। हर मार्ग श्रीरामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। हर आंख आनंद और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जिह्वा पर राम-राम है। समूचा राष्ट्र राममय है।

आखिर भारत वर्ष को इसी दिन की तो प्रतीक्षा थी। इसी दिन की प्रतीक्षा में दर्जनों पीढ़ियां अधूरी कामना लिए धराधाम से साकेतधाम को प्रस्थान कर गयीं। आज श्रीरामलला के बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा भर नहीं ही रही, अपितु लोक आस्था और जनविश्वास भी पुनर्प्रतिष्ठित हो रही है। अपने खोए हुए गौरव की पुनर्प्राप्ति कर अयोध्या नगरी विभूषित हो रही है। न्याय और सत्य की संयुक्त विजय का यह उल्लास अतीत की कटु स्मृतियों को विस्मृत कर, नए कथानक रच रहा है। यह पावन बेला समाज में समरसता की सुधा सरिता प्रवाहित कर रही है।

**निःसंदेह! श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है।**



श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि, संपूर्ण भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्र की सामूहिक चेतना जागरण के ध्येय में भी सफल सिद्ध हुआ। श्रीरामजन्मभूमि, संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य की जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो। संन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाति, विचार- दर्शन, पंथ-उपासना पद्धति से ऊपर उठ कर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। संतों ने आशीर्वाद दिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों ने रूप-रेखा तय की, जनता को एकजुट किया। अंततः संकल्प सिद्ध हुआ, व्रत पूर्ण हुआ।

यह कैसी विडंबना थी कि जिस अयोध्या को अवनि की अमरावती और धरती का वैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त रही। सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। जिस देश में रामराज्य को शासन और समाज की आदर्श अवधारणा के रूप में स्वीकार किया जाता रहा हो, वहीं राम को अपने अस्तित्व का प्रमाण देना पड़ा। जिस देश में राम नाम में सबसे बड़ा भरोसा हो, वहां राम की जन्मभूमि के लिए साक्ष्य मांगे गये, किंतु श्रीराम का जीवन मर्यादित आचरण की शिक्षा देता है। संयम के महत्व का बोध कराता है और यही शिक्षा ग्रहण कर रामभक्तों ने धैर्य नहीं छोड़ा। मर्यादा नहीं लांघी। दिन, माह, वर्ष, शताब्दियां बीतती गयीं, लेकिन हर एक नये सूर्योदय के साथ रामभक्तों का संकल्प और दृढ़ होता गया। सदियों की प्रतीक्षा के उपरांत भारत में हो रहे इस नवविहान को देख अयोध्या समेत भारत का वर्तमान आनंदित हो उठा है।

भाग्यवान है हमारी पीढ़ी जो इस राम-काज के साक्षी बन रहे हैं और उससे भी बड़भागी हैं, वो जिन्होंने सर्वस्व इस राम-काज के लिए समर्पित किया है और करते चले जा रहे हैं। हमारे व्रत की पूर्णाहुति के लिए हमारा मार्गदर्शन करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन। 22 जनवरी 2024 का यह दिन मेरे निजी जीवन के लिए भी सबसे बड़े आनंद का अवसर है। मानस पटल पर अनेक स्मृतियां जीवंत हो उठी हैं। यह रामजन्मभूमि मुक्ति का संकल्प ही था, जिसने मुझे पूज्य गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ महाराज का पुण्य सान्निध्य प्राप्त कराया। श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के इस आलौकिक अवसर पर आज मेरे दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज और पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज एवं अन्य पूज्य संतगण भौतिक शरीर से साक्षी नहीं बन पा रहे किंतु, निश्चित ही आज उनकी आत्मा को असीम संतोष की अनुभूति हो रही होगी। मेरा सौभाग्य है कि जिस संकल्प के साथ मेरे पूज्य गुरुजन आजीवन संलग्न रहे, उसकी सिद्धि का मैं साक्षी बन रहा हूं।

श्रीरामलला के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजने की तिथि जबसे सार्वजनिक हुई है, हर सनातन आस्थावान 22 जनवरी की प्रतीक्षा में है। संपूर्ण राष्ट्र में ऐसे समवेत उल्लास और आनंदमय वातावरण का दूसरा उदाहरण हाल की कई शताब्दियों में देखने को नहीं मिलता। कोई ऐसा समारोह जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निंबार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, अकाली, निरंकारी, गौड़ीय, कबीर पंथी सहित भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत गण, 50 से अधिक वनवासी, गिरिवासी, द्वीपवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों उपस्थिति हो, जहां एक छत्र के नीचे राजनीति, विज्ञान, उद्योग, खेल, कला, संस्कृति, साहित्य आदि विविध विधाओं के लब्धप्रतिष्ठ जन एकत्रित हों, अभूतपूर्व है। दुर्लभ है।

भारत के इतिहास में प्रथम बार पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, द्वीपों आदि के वासियों द्वारा एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अपने आप में अद्वितीय है। इस भव्य समारोह में आज श्रीरामलला के समक्ष यशस्वी प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। अयोध्याधाम में आज लघु भारत के दर्शन होंगे। यह गौरवपूर्ण अवसर है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से मैं पावन अयोध्याधाम में सभी का अभिनंदन करता हूं। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत अयोध्याधाम दुनियाभर में रामभक्तों, पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं के स्वागत हेतु तत्पर है।

इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुसार अयोध्यापुरी में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, विस्तारित रेलवे स्टेशन, चारों दिशाओं से 4-6 लेन रोड कनैक्टिविटी, हैलीपोर्ट सेवा, सुविधाजनक होटल, अतिथि गृह उपलब्ध हैं। नव्य अयोध्या में पुरातन संस्कृति सभ्यता का संरक्षण तो हो ही रहा है, यहां भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने के अनुसार सभी नगरीय सुविधाएं भी होंगी। अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी तथा 84 कोसी परिक्रमा की परिधि में आने वाले सभी धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के पुनरुद्धार का कार्य त्वरित गति से हो रहा है। यह प्रयास सांस्कृतिक संवर्धन, पर्यटन को प्रोत्साहन तथा रोजगार के मौके भी सृजित करने वाले हैं। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है, यह राष्ट्र मंदिर है। निःसंदेह! श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है। रामकृपा से अब कभी कोई भी अयोध्या की पारंपरिक परिक्रमा को बाधित नहीं कर सकेगा। अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी, सरयूजी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां उत्सव होगा। रामनाम संकीर्तन गुंजायमान होगा। अवधपुरी में रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है। सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति की परिकल्पना साकार हो उठी है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजित श्रीराम का बालरूप विग्रह हर सनातन आस्थावान के जीवन में धर्म के अनुपालन के लिए मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सभी जनता-जनार्दन को श्रीरामलला के विराजने की पुण्य घड़ी की बधाई। हमें संतोष है कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने की सौगंध ली थी। जो संकल्प हमारे पूर्वजों ने लिया था, उसकी सिद्धि की बधाई। प्रभु श्रीराम की कृपा सभी पर बनी रहे। श्री रामः शरणम्मम्ज य-जय श्रीसीताराम!

**(लेखक : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।)**

## रांची-आसपास की खबरें

## सोमवार को हर सनातनी अपने गांव घर में दीपावली मनाये: अश्विनी शर्मा



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग मंडा टांड स्थित शिव मंदिर प्रांगण की रविवार को साफ-सफाई की गयी। साथ ही पूरे गांव और मंदिर परिसर में बजरंगी झंडे लगाये गये। सामाजिक कार्यकर्ता अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों युवक मोटर साइकिल मे बजरंगी झंडा फहराते हुए जय श्रीराम, जय बजरंगबली का उद्घोष करते शिवालय पहुचे। बाद में यह जत्था जुलूसे के रूप में चांपी, गडाटोली, सोसो, मिटकोरा, निधिया, जोजोदाग होते हुए पुनः बिकुवादाग शिवालय पहुंचा। अश्विनी शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को शिवालय प्रांगण में सुबह पूजा-अर्चना के बाद दोपहर मे भंडारे का प्रसाद वितरण किया जायेगा। आयोजन में अश्विनी कुमार शर्मा, नीरज कुमार शर्मा, आर्य कुमार शर्मा, मनोज मिश्रा, सुधीर सिंह, अवध किशोर सिंह, सुना मुण्डा, जीबा पाहन, मालु मुण्डा, सनी मुण्डा, सुरेश हजाम, करमचन्द हजाम, विक्की तिवारी, पवन मिश्रा, संजय मिश्रा, देवेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि लगे हैं। 22 जनवरी को अपने घरों में राम ज्योति जलाकार दीपोत्सव मनायें।

## सत्संग सें प्रभावित होकर ग्यारह लोगों ने नशा-हिंसा त्यागकर दीक्षा ग्रहण की



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा में चल रहे दो दिवसीय सत्संग से प्रभावित होकर रविवार कों आसपास गांवों के 11 लोगों ने नशा और हिंसा को त्याग कर दीक्षा ग्रहण की। मौके पर प्रवचन करते हुए स्वामी प्रमोद जी ने कहा कि भगवान राम आंतरिक धन हैं, हृदय मिलने से ही सुख पायेगा, जैसे बालक मां से मिलकर प्रसन्न होता है। हमें परमात्मा की प्राप्ति में ही सुख-शांति मिलेंगी। कहा कि बिना गुरु जीवन शुरू नहीं, गुरु बहुत हैं, पर सद्गुरु से मुक्ति का मार्ग मिलता है। जिस प्रकार गोली बंदूक में भरकर चलाने से दुश्मन मरता है, वैसे ही सद्गुरु का मंत्र जीवन में भरकर अपने अंदर की बुराइयों को मारकर ही हमें सच्चा सुख मिलेगा। स्वामी परमानंद जी महाराज, स्वामी लक्ष्मण बाबा, स्वामी वैष्णवानंद बाबा, स्वामी जयकुमार, स्वामी नरेन्द्र, स्वामी सत्यानंद, स्वामी राजेंद्र आदि ने भी सद्गुरु और श्रीरामजी के भक्तिमार्ग पर चलने की युक्ति बताई। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय कुमार, लोदरो ब्रह्चारी, मुरलीधर, राम ब्रह्चारी, सोमा ब्रह्चारी, नंदिनी देवी, सुखराम मुंडा, बसंत कुमार, सूरजलाल गुप्ता, सुनील रजक, रामहरि साव, सूरजमल प्रसाद ,मुचीराय मुंडा, राजकुमार, कृष्णा प्रसाद उपस्थित थे।

## आम्रेश्वर धाम में चला सफाई अभियान, विधायक ने लगाया रुद्राक्ष का पौधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अयोध्या नगरी में सोमवार को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी के सभी मंदिरों में रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया, उसके बाद मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और उनकी धर्मपत्नी ने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। मंदिर परिसर में पत्रकारों से बाचीत करते हुए विधायक ने कहा कि एक सप्ताह से अपना क्षेत्र ही नहीं पूरा विश्व राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि इसकों लेकर क्षेत्र के तमाम मंदिरों की सफाई की जा रही है। विधायक ने कहा कि दीवार लेखन का काम भी भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षें की लंबी लड़ाई के बाद हमें यह अवसर मिला है। जिस समय भाजपा के सिर्फ दों सांसद थे, उस समय से भाजपा राम मंदिर के लिए आंदोलन कर रही है। उस समय भी विरोधी लोग आम जनता कों डराते थे कि कभी मंदिर नही बनेगा, लेकिन अब सब कोई देख रहे हैं। मौके पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार, महेंद्र कश्यप, हरिपोदो महतो, जगदीश नाग, महेंद्र प्रसाद भगत, मुनिनाथ मिश्रा, संतोष पोद्दार, दानिएल भगत, केशरी कश्यप, सुरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र दास अधिकारी, अजित कुमार रॉय, प्रह्लाद महतो, नीरज पाढ़ी, दीपक तिग्गा, नीरज जायसवाल, केशव साहू, ओम सिंह, आशुतोष सिंह आदि उपस्थित थे।





### महिलाएं कलश यात्रा लेकर मंदिर पहुंची



**तमाड़। तमाड़ मांझी टोली स्थित श्याम चांद मंदिर मे कलश स्थापना के साथ आज से पूजन शुरू हो गया है आज सुबह सैकड़ों कनयाओ ने राजा बांध तमाड़ से कलश लेकर मंदिर परिसर मे पहुंची और पुजा अर्चना पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ शुरू हुआ जो 23 तक चलेगा मंदिर की नये मंदिर मे प्रवेश के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा परसों मंदिर मे 24 घंटे अखंड किर्तन किया जायेगा यहां पुराने मंदिर का पुनं उत्थान किया जा रहा है। मंदिर समिति के लोग लगे हुए है, मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।**

### हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए विधायक

हर सनातनी और सरना धर्मावलंबी सोमवार कों अपने घर मं राम ज्योति जलायेंरू कोचे मुंडा तोरपारू भाजपा विधायक कोचे मुंडा रविवार को रनिया प्रखंड के बलंकेल गांवो में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सपत्निक शामिल हुए। मौके पर निकाली गयी कलश यात्रा में भी शामिल हुए। कलश यात्रा नवनिर्मित मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सिकरिया नाला पहुंची, जहां गंगा पूजन के बाद कलशों में जल भरा गया। मौके भक्तों द्वारा किये जा रहे श्रराम के जयकारे सें पूरा वतावरण राममय हो गया। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि हम सौभग्यशाली हैं कि हमें इस ऐतिहासिक अवसर को देखने का अवसर मिला है, अन्यथा इस पल कों देखने के लिए हमारी कितनी पीढ़िया गुजर गयी। कहा कि 22 जनवरी को सभी सनातनी और सरना धर्मावलंबी अपने घरों में राम ज्योति जलायें और मंदिरों में भी दीपोत्सव मनायें।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू काफी संख्या में ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल हुए।

## नामकुम में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पूजा समिति कुटियातू और श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार सिंह, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, मनोज कुमार सिंह, सुबोध सिंह टनटन, दिलीप साहू, गोरखनाथ सिंह, अनीता तिर्की, पृथ्वीराज सिंह, देवराज सिंह के साथ कई लोग मौजूद थे।

## बच्चों और शिक्षकों ने महादानी मंदिर की सफाई की



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा बेड़ो स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से सभी मंदिर परिसर और धार्मिक स्थलों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना करने की अपील किया है। इसके तहत महादानी मंदिर में भी पूजा पाठ का आयोजन होगा। इसके लिए महादानी मंदिर परिसर की साफ सफाई के लिए डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार के नेतृत्व में स्कूल के हॉस्टल के बच्चों एवं शिक्षकों ने महादानी मंदिर परिसर व विनय बगीचा स्थित गणेश मंदिर परिसर में साफ सफाई किया। साथ ही बच्चों ने परिसर में फैले प्लास्टिक, रेपर व कागज को एकत्रित कर उसे वहां से हटाया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय महतो, श्रवण कुमार, रंजन चंद्रा व संदीप सिंह आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## उतारूं हे सखी से.. गूंज उठा कांके डैम



**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर कांके डैम में राम सह गंगा आरती का आयोजन किया गया। मां बगलामुखी ब्रह्म विद्या संस्थान रांची द्वारा यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर एक सौ और इक्कावन दीपक प्रज्ज्वलित कर पांच सेट से आरती की गयी। स्थानीय युवाओं में रजनीश पाठक, मेधा पांडेय, मंगलम कुमार, विद्या पांडेय, अभिषेक पांडेय सुसज्जित मंच से आरती कर रहे थे। इनके साथ सैकड़ों लोग श्री राम सह गंगा आरती उतारी। भजन संध्या में गायक धर्मेंद्र कुमार राय ने भजन, सोहर प्रस्तुति दी। आरती के यजमान आलोक कुमार, गोपाल भगत रहे। स्वस्तिवाचन पं कौशल मिश्र ने किया, जबकि मां बगलामुखी ब्रह्म विद्या संस्थान रांची के सचिव पं रामदेव पांडेय ने बताया कि श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर यह आयोजन संपन्न हुआ है।

# लोहरदगा और लातेहार क्षेत्र हुआ राममय, निकली शोभायात्रा

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह चरम पर, तैयारी पूरी

**घर-घर दीप जलाना है, मिल-जुल कर त्योहार मनाना है : मनोज जायसवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरे महुआडांड प्रखंड में उत्साह अपने पुरे चरम पर है। हिन्दू संगठनों के द्वारा इसे लेकर तैयारी लगभग पुरी कर ली गई है। पुरे क्षेत्र की साज सजावट भी की गई है। रविवार को स्थानीय दूर्गा बाड़ी परिसर में महुआडांड हिन्दू महासभा के द्वारा पुरे महुआडांड प्रखण्ड के प्रत्येक ग्रामों में दीया, तेल, बत्ती और प्रसाद का वितरण किया गया एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर घर दीप जलाने एवं धार्मिक स्थलों, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने तथा जगमग करने हेतु निवेदन की गई। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने लोगों से घर-घर दीप जलाने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुल कर त्योहार मनाने का निवेदन करते हुए बताया कि 22 जनवरी दिन सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाला कार्यक्रम के दिन सभी मंदिरों मेंअखंड कीर्तन का तथा प्रसाद वितरण का काम किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दू महासभा के अलावे विहिप, बजरंग दल एवं अन्य हिन्दू संगठनों के द्वारा व्यापक तैयारी की गई है।

## जय श्रीराम समिति ने दस हजार दीप का वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा दीप वितरण कार्यक्रम किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी को ध्यान में रखते हुए जय श्रीराम समिति के द्वारा 10000 (दस हजार) दीप का वितरण किया गया। ओम महतो ने कहा प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु राम जी के आगमन पर पूरा लोहरदगा जिला दीप उत्सव धूमधाम से मनाये। इसके लिए समिति घर-घर रोशन करने की काम कर रही है। गरीबों के घर भी दीप जले ऐसी व्यवस्था बनायी जा रही है। मौके पर संरक्षक अनूप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, ओम महतो,अनिल उरांव, बजरंग साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, पूर्णिमा वर्मा, सरस्वती देवी, लाल सूरज नाथ शाहदेव, लाल नितेश नाथ शाहदेव, राहुल कुमार, दिग्गज सिंह संजय पासवान, विष्णु साहू, आशीष रजक, आकाश प्रजापति, कमलेश प्रजापति, गोलू चंद्रवंशी, अभय वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## सरना टोली में भगवा ध्वज वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त रविवार को सरना टोली में भगवा ध्वज वितरण किया गया और लगाया भी गया। जिसकी अध्यक्षता प्रियांशु कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज हमें प्राण प्रतिष्ठा के लिए काम करने का मौका मिला। 500 वर्षों के इंतजार के बाद यह मौका मिला है। 22 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जिले भर में अच्छा से मनाया जाएगा।

सरना टोली के राम भक्त ने प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बहुत ही खुशी जाहिर की और कहा की रामलला प्राण प्रतिष्ठा बहुत ही भव्य रूप से हम लोग सरना टोली में मनाएंगे। सरना टोली के राम भक्तों से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने जा कर राम भक्तों से मुलाकात किया। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से निमित्त किसी भी चीज की जरूरत हो तो आप हमसे से ले सकते हैं।

मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, प्रियांशु कुमार, चंदन गोप, पीयूष पांडे, नित्य राज, सुशील भगत, मुन्ना, दीपक कुमार साहू, मनोरंजन कुमार, जेलिन, दीपक, इत्यादि राम भक्त शामिल थे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर प्रखंड क्षेत्र हुआ भक्तिमय



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** अयोध्या में आयोजित श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर सेन्हा मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्र राम भक्ति में लीन हुआ। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। उसी निमित सभी हिन्दू संगठन श्री रामलाल प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी का उत्सव मनाने को लेकर भक्ति मय हो गये है।

प्रखंड के सभी देवस्थल व मंदिर की साफ सफाई के साथ तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है। वही प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से एक अलग कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसका समय इस प्रकार निर्धारित किया गया।

आज 10 बजे पुरोहित अवनीश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना 10:30 बजे महाबीर मंदिर में पूजा अर्चना 11 बजे दुर्गा मंदिर में भजन कीर्तन एवं पूजा अर्चना विश्व हिंदू व मातृशक्ति के द्वारा शाम 3 बजे राम मंदिर निर्माण के मार्गप्रस्त करने वाले कारसेवकों का सम्मान शाम 4 बजे से सनातन हिन्दू धर्म पर आधारित वेश भूषा झांकी प्रतियोगिता बच्चों द्वारा विश्व हिन्दू परिषद के दुगार्वाहनी के सौजन्य से तथा 5 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्र के हेसवे, चन्दवा गढ़गांव, तोड़ार, चौकनी, कोराम्बे, सेरेंगहातु, बदला सहित विभिन्न जगहों के देवस्थल और मंदिरों में भी पूजा अर्चना किया जायेगा। हेसवे ग्राम में प्राण प्रतिष्ठा का अयोध्या से लाइव प्रस्तुति का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सेन्हा प्रखंड के सभी मंदिरों एवं जगह जगह पर तोरणद्वार पथ के किनारे एवं मंदिरों में पताका तथा विधुत सज्जा किया गया है।

## निकाला गया फ्लैग मार्च शांति बनाये रखने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता


**लोहरदगा।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रविवार को लोहरदगा शहरी व सदर प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया और मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। फ्लैग मार्च में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी अनिल उराव समेत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल शामिल हुई। यह फ्लैग मार्च लोहरदगा थाना से प्रारंभ हुई जो शहर के चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर, शास्त्री चौक, थाना चौक, भाटी ढलान, बस स्टैंड वीर शिवाजी चौक, न्यू रोड, पावरगंज चौक, बड़ा तालाब होते हुए पुनः थाना चौक पहुंचा। फ्लैग मार्च में जिला बल के जवान, आईआरबी, सैड के जवान, सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवानों ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील किया। फ्लैग मार्च के दौरान डीसी ने बताया कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। उपद्रव मचाकर उन्माद फैलाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

## श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लातेहार एसपी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन रविवार को बालूमाथ पहुंचकर 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लिया ।वही बालूमाथ थाना परिसर में दोनों संप्रदाय के प्रबुद्ध लोगों के साथ एक बैठक आयोजित कर कहा कि बालूमाथ बराबर हर पर्व त्योहार में आपसी सौहार्द का मिसाल पेश करते आया है ।आप लोगों से उम्मीद है कि कल का कार्यक्रम शांतिपूर्वक सफल दोनों समुदाय के लोग मिलकर करेंगे ।उन्होंने कहा कि कल होने वाले कार्यक्रम में कोई भी असामाजिक तत्व के लोग अगर आपसी शौहार्द बिगड़ने की कोशिश करेगा ।तो एनएसए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी ।वही हिंदू नेता शैलेश सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि महावीर मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो दुर्गा मंडप, टमटम टोला, शिव मंदिर, ब्लॉक परिसर, शिव मंदिर, बड़का बालूमाथ, शिव मंदिर होते हुए महावीर मंदिर में समापन की जाएगी। वही सभी मंदिरों में पूजा पाठ व कीर्तन भजन की जाएगी। वही अंजुमन के सदर मो० सब्बीर ने कहा कि बालूमाथ बराबर एकता का मिसाल कायम किया है। बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि कल के कार्यक्रम में भोलेंटियर बनाकर इसकी सूची बालूमाथ थाना को दे। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि बाहरी व्यक्तियों पर नजर रखने की आवश्यकता है। दोनों समुदाय के लोग कल के कार्यक्रम को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर संपन्न करावे। इस मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, मन्नान कुरैशी, सुनील पांडे, हाजी मो० जियाउल्लाह, उपेंद्र यादव, मो०जुबेर, अरविंद यादव, मो. मुजम्मिल, मो.तौकीर समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं लातेहार एसपी शेरेगड़ा पहुंच कर वहां के लोगों से आपसी शौहार्द के साथ श्री राम प्राण प्रतिष्ठा में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया ।




## आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ ने जीरो सरेंडर चार्जेस के साथ लांच किया इंडस्ट्री का पहला एन्युइटी प्लान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लाभ में बढ़त के साथ प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी लांच किया है। यह इंडस्ट्री की पहली वार्षिकी योजना है, जो जरूरत पड़ने पर खरीद की तारीख से प्रीमियम का 100 प्रतिशत रिफंड प्रदान करती है। यह एन्युइटी प्रोडक्ट ग्राहकों को आजीवन गारंटीकृत आय प्रदान करता है, जो उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय रूप से स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाता है। आइसीआइसीआइ प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी ज्वाइंट लाइफ एन्युइटी विकल्प प्रीमियम लाभ के छूट के साथ आता है, जो प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रथम धारक के निधन के मामले में उपयोगी है।

## 8 दिन, 804 किमी की झारखंड में यात्रा करेंगे राहुल गांधी: जयसवाल




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन प्रदेश प्रदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक की गयी। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा, आगामी लोकसभा चुनाव-2024, प्रोफेशनल्स कांग्रेस मेंबरशिप पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी के प्रथम सप्ताह में झारखंड पहुंचेगी। इस दौरान राहुल गांधी करीबन आठ दिनों तक झारखंड में प्रवास करेंगे और इस यात्रा के दौरान लगभग 804 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। श्री जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता के दुख दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। देश की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस द्वारा सरकार के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा से शुरू किया है। कहा कि कांग्रेस युवाओं के रोजगार, वंचितों के अधिकार, किसानों के हक, महिलाओं-बेटियो के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने आमलोगों को भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होकर न्याय योद्धा बनने की अपील की।

बैठक में मिनाक्षी सिंह, भुवनेश ठाकरु, जेनेट एंड्रू, कृष्णा सहाय, संजीव महतो, ऐलन एंड्रू, अनिल सिंह, सरवर पॉल, जगरनाथ साहू, शुभम छेयावन, आशुतोष नाथ पाठक, प्रभात अग्रवाल, रोहित कुमार दास, राजीव चौरसिया, सूरज झा, विवेक धान आदि शामिल थे।



# रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा महावीर चौक से शुरू होकर मेन रोड सिसई रोड पालकोट रोड जश पुर रोड लोहरदगा रोड होते हुए शहीद चौक के पास आकर समाप्त होना है। शोभा यात्रा में हिंदू धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ महिलाओं की थी। पहली बार महिलाएं भगवा वस्त्र परिधान में घरों से निकलकर सड़कों में उतरी वही सभी हिंदू धर्मावलंबियों के हाथों में भागवा ध्वज लहरा रहा था। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित अन्य पुलिस के अधिकारी मुस्तैद दिखे जगह-जगह पर महिला व पुरुष कर्मियों की तैनाती की गयी थी।

वही शोभा यात्रा को लेकर शहर के लगभग सभी दुकानें बंद रही शोभा यात्रा में चलते हुए लोग जय श्री राम जय जय श्री राम बजरंगबली की जय आदि के नारे लगा रहे थे। जिससे पूरा शहर गूंजयमान होता रहा। वहीं विभिन्न क्लबों द्वारा झांकी भी निकल गयी थी जिसमें राम सीता लक्ष्मण व बजरंगबली के अलावा सबरी माता की भी झांकी देखी गयी। वही बच्चे बजरंगबली की वेशभूषा में गदा लेकर सड़कों पर विचरण करते देखे गये।

शोभा यात्रा में भाजपा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, विजय मिश्रा, भूपन साहू, मुनेश्वर साहू,, मिसिर कुजूर, कौशलेंद्र जमुआर, संजय वर्मा, किरण माला बाड़ा, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बच्चियों पर चेंबर ने की पुष्प वर्षा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं शबरी आश्रम की बच्चियों के द्वारा शोभा यात्रा में शामिल सभी सनातनी भाइयों और बहनों का टावर चौक में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, मो सब्बू, हिमांशु केशरी, शशि प्रिया बंटी, सत्यनारायण पटेल, ब्रिज किशोर फोगला, मुन्नीलाल साहू, गुरमीत सिंह, आनंद गुप्ता, स्वागत कार्यक्रम के संयोजक सुषमा गुप्ता, मनीष गुप्ता, गुन्नू शर्मा एवं सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड के लरंगो गांव में अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को लरंगो कोयल नदी से टंगराटोली हनुमान मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान विश्व हिन्दू परिषद जिला सह मंत्री मनीष बाबू व बजरंग दल गो रक्षा प्रमुख किशन सिंह शामिल हुए। कलश यात्रा में 751 कन्या व महिलाओं ने कलश में जल भरकर हनुमान मंदिर पहुंचे जहां बालाखटंगा गांव के पुरोहित पवन मिश्रा ने विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना करायी। जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

बजरंग दल के पंचायत अध्यक्ष राजा लाल साहु ने बताया कि हनुमान मंदिर परिसर में रविवार शाम को 12 घंटे का अखंड कीर्तन और सोमवार सुबह 121 बार हनुमान चालीसा जाप किया जाएगा, साथ ही भोग के उपरांत सोमवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

मौके पर पंचायत मंत्री बली उरांव, रजनीकांत साहु, विरेन्द्र देवघरिया, सचिन साहु, दीपक साहु, अभय राम, दीपक दुबे, रणधीर दुबे, सुफल उरांव, बुधु उरांव, मुगल साहु, ज्योति कुमारी, फुलकी देवी, सुशीला देवी, रीता कुमारी सुरजन साहु, दिनेश साहु, धरमु साहु उदय कुशवाहा, रतन सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन व बजरंगी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## शोभा यात्रा में शामिल लोगों के बीच लड्डू वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** श्री रामलला मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चारो ओर उत्साह चरम पर है। महोतष्व को लेकर वरिष्ठ समाज सेवी संजय सिंह व सदस्यों के द्वारा 251 किलो लड्डू का निर्माण किया गया है। जिसका वितरण शहर के पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने किया गया। समाजसेवी संजय सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उनके नेतृत्व में शहर के अन्य समाजसेवियों द्वारा मिलकर 251 किलो लड्डू का निर्माण किया गया है। लड्डू वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित सिंह, अमित प्रसाद, बीरेन्द्र कुमार, बिपिन सिंह, राजेन्द्र नाग, विशाल गुप्ता, आशिश गुप्ता, संतोष, संतोष गुप्ता, आशिश, राजकमल गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, अभिषेक प्रसाद, अमित सिंह, पवन जयसवाल, गिरधर साहू, जितु, संजय किंडो आदि उपस्थित थे।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड भक्तिमय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा प्रखंड क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। गांव गांव जय श्री राम के नारो से गुंजयमान हो गया है। रविवार को सागर धाम बिरकेरा पहाड़ में नव निर्मित बजरंगबली कि प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशाल कलश यात्रा पंकज सिंह के नेतृत्व में निकाली गयी। साथ ही उत्साह से लबरेज राम भक्तो ने बाइक रैली के साथ झांकी निकाली गयी। जो बसिया धर्मशाला से शुरू होकर थाना चौक कोनबीर कलिगा होते हुए लौंगा तक गयी। वही कलश यात्रा धर्मशाला से शुरू होकर थाना चौक होते कोयल नदी तक गयी। जहां आचार्य दिनेश्वर होता कामेश्वर होता,मनोज होता द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर कलश यात्रा निकाली गयी। जो पूरे बसिया का नगर भ्रमण कर सागर धाम पहुंची। जहां आचार्य दिनेश्वर होता के द्वारा कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा एवम झांकी में हर उम्र के लोग शामिल थे। वहीं कोनबीर, कलिगा, लोंगा, सिद्धमा के सैकड़ो युवा बाइक में श्री राम का झंडा लगा कर जय श्री राम के उद्घोष के साथ विशाल रैली में शामिल हुए। इस तरह मानो पूरा बसिया क्षेत्र श्री राम के जयकारे से गुंजायमान रहा। वही इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बसिया पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही बसिया थाना में थाना प्रभारी के रूप में नवनियुक्त प्रशिक्षु डीएसपी शिव शंकर मरांडी ने पुलिस जवानों के साथ दिन भर क्षेत्र की गस्ती में लग रहे।

## पैदल मार्च कर अधिकारियों ने लोगों में सुरक्षा का एहसास कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी हरविंदर सिंह,एसडीओ राजीव नीरज, एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल,इंस्पेक्टर एस एन मंडल,बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, थानेदार मीनकेतन कुमार ने रविवार की देर शाम सैकड़ों जवान के साथ सिसई में पैदल मार्च कर क्षेत्र में लोगों में सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने का अपील किया। मार्च के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम धर्मावलम्बीयों से भी मुलाकात आपसी सद्भावना बनाएं रखने में मदद करने की बात कही। साथ ही हिन्दु धर्मावलम्बियों से मुलाकात कर 22 जनवरी के कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नही है,विधि व्यवस्था व आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वालों के साथ पुलिस कड़ाई से निपटेगी। सुरक्षा को लेकर जगह जगह पर पर्याप्त पुलिस के जवानों को लगाया गया है। अफवाह पर ध्यान न दें, किसी प्रकार की उपद्रवी या असामाजिक गतिविधि की सूचना मिलते ही पुलिस को सूचना दे। वहीं लोगों ने 22 जनवरी को प्रशासन से प्रखंड क्षेत्र में दमकल वाहन की व्यवस्था रखने का मांग की। जिस पर डीसी व एसपी द्वारा थाना में दमकल वाहन की व्यवस्था करने की बात कही।





# आज राम आयेंगे





## स्पोर्ट्स

### सात्विक-चिराग लगातार दूसरा फाइनल मैच हारे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ओपन के फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी खिताबी मुकाबले में हार गई। रविवार को नई दिल्ली में साउथ कोरिया के सियूंग जे और ह्यून सूक कांग ने जोड़ी को तीन गेम में 21-15, 11-21, 19-21 से हराया। इसी के साथ यह जोड़ी लगातार दूसरा फाइनल हारी। इससे पहले मलेशिया ओपन के फाइनल में उन्हें चीन के वांग-लियांग की जोड़ी ने 9-21, 21-18, 21-17 के अंतर से हराया था। बतातें चलें कि भारतीय जोड़ी ने फ्रंटफुट पर शुरूआत करते हुए पहले गेम में 11-9 की बढ़त ले ली। उन्होंने अपनी बढ़त मजबूत कर ली और गेम 21-15 से अपने नाम कर लिया। वहीं, कोरियाई जोड़ी दूसरे गेम में 5-1 की बढ़त ले ली। जबकि सात्विक-चिराग 8-5 के अंतर को तीन तक कम करने में सफल रहे, लेकिन लगातार अटैक के चलते कोरियन पेयर ने जल्द ही 15-5 की बढ़त बना ली। बाद में कोरिया की जोड़ी आसानी से 21-11 से जीत गई।

### पलामू चेंबर की ओर से आज निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा, लोगों से शामिल होने की अपील

# प्रभु रामलला के स्वागत को तैयार : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि अयोध्या में सोमवार को श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेदिनीनगरवासी थाना रोड, गीता भवन के प्रांगण से अपराह्न तीन बजे चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकालेंगें। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। शोभा यात्रा की शुरूआत पलामू सांसद बीडी राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दूबे, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक आदि मिलकर श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी की आरती से की जाएगी। प्रथम महापौर ने बताया कि शोभायात्रा में कई राज्य के भक्ति नृत्य एवं झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। श्रीराम के राज्याभिषेक में श्रीराम ने अपने इकलौते मित्र केवट को मुख्य अतिथि बनाया था। हमारे मुख्य कार्यक्रम रज्याभिषेक के भी मुख्य अतिथि केवट (निषाद) वर्ग से आने वाले बौद्ध चौधरी जो बोकिया मंदिर के पुजारी होंगे। वहीं, चेंबर के अध्यक्ष राकेश सोनी एवं आलोक माथुर ने बताया कि शोभा यात्रा का रूट गीता भवन, डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पूरन चंद चौक, राम जानकी मंदिर होते हुए कोयल रिवर फ्रंट होगा। कई जगह श्रीराम, सीता, लक्ष्मण जो रथ पर सवार होंगे की आरती होगी। वहीं, प्रथम महापौर ने सभी सनातनी नगर वासियों से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर शोभायात्रा का हिस्सा बनकर अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के गवाह बने।





भगवान श्रीराम, माता सीता, भाइ लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान जी का छद्म भेष धारण किए हुए कलाकार।



प्रथम महापौर अरुणा शंकर

# अरुणा शंकर ने चैनपुर मंदिर में भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ की सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने चैनपुर मंदिर में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंदिरों की सफाई की। उन्होंने कहा कि सोमवार को हमारे राम लला आ रहे हैं। हम सब मिलकर उनके स्वागत के लिए तैयार है। पूरा शहर सज रहा है। यह ऐतिहासिक पल हम लोगों के जीवन काल का स्मरणीय रहेगा। जब हम राम लाल का गर्भ गृह में दर्शन कर पाएंगे।



## विहिप सदस्यों ने आज मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखने का किया आग्रह



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्यों ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे मांस-मदिरा दुकान को सोमवार को बंद रखने का आग्रह किया है। सदस्यों ने बताया कि 22 जनवारी को अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। जिसे लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में दीपोत्सव, अखंड-कीर्तन, रामदरबार की झांकी, भंडारा आदि कार्यक्रम होंगें। इसलिये मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखा जाए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कृष्णा बैठा बने राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष और विजय यादव संयोजक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** देवरी रोड में गैस गोदाम के समीप यादव कांप्लेक्स में प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महुदंड पंचायत के पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव और संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक संगठन का गठन करना था। उपस्थित प्रबुद्ध लोगों ने सर्व सहमति से राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन का गठन किया, जिसे गति देने के लिए विजय प्रसाद यादव को संयोजक, कृष्णा बैठा अध्यक्ष और उपस्थित सभी सम्मानित प्रबुद्ध जनों को संयोजक मंडल का सदस्य मनोनित किया गया। मौके पर भोला सिंह, राजेश्वर यादव, राजेश यादव, पूर्व मुखिया अरविंद पासवान, श्रवण बैठा, जनेश्वर बैठा, धनेश यादव, सतेंद्र यादव, संतोष यादव, महेंद्र यादव, अजय यादव, गुड्डू रजक, अर्जुन यादव, सत्यनारायण सिंह, सुरेंद्र यादव, कमलेश यादव, सुभाष सिंह व धनजय कुमार साव आदि मौजूद थे।

# 11 हजार दीये से जगमग होगा हुसैनाबाद का छठ घाट

## विधायक कमलेश सिंह ने लिया स्थल का जायजा

**अयोध्या में राम लला की प्राणप्रतिष्ठा पर एनसीपी का हुसैनाबाद में कार्यक्रम आज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन सोमवार को होने जा रहा है। इस पुनीत उपलक्ष्य पर हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम को लेकर काफी उल्लास है। क्षेत्र में कई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छठ घाट पर 11 हजार दीप प्रव्वलित किए जाएंगे। साथ ही सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में काशी के पंडितों द्वारा पवित्र गंगा आरती भी की जायेगी। इसकी तैयारी का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को जायजा लिया। विधायक ने कहा कि छठ पोखरा पर दीपोत्सव कार्यक्रम में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों से बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता पहुंचेंगे। सोमवार को हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के पूर्व सरयू नदी का पवित्र जल जनसमूह की उपस्थिति में प्रवाहित की जाएगी। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इसे लेकर हुसैनाबाद शहर को झंडों व तोरण द्वार से सजाया गया है। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह हुसैनाबाद बनेगा। उन्होंने आम लोगों से इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए हुसैनाबाद के छठ पोखरा पहुंचने का आग्रह किया है।



## बूथों पर मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर बीएलओ को मिली सूची



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ द्वारा रविवार को हरिहरगंज प्रखण्ड के सभी बीएलओ को मतदाता सूची उपलब्ध कराया गया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी यामुन रविदास ने बताया कि कि सोमवार को हरिहरगंज प्रखण्ड के प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची प्रकाशन किया जाएगा। इसे लेकर सभी बीएलओ को मतदाता सूची उपलब्ध करा दिया गया है।

### हुसैनाबाद प्रखंड की ऊपरी कला पंचायत में बिरसा किसान रथ ने किया प्रचार-प्रसार




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिरसा किसान रथ का परिभ्रमण हुसैनाबाद के विभिन्न प्रखंडों में किया जा रहा है। इसी क्रम में रथ का परिभ्रमण हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कला पंचायत के विभिन्न गांवों में किया गया। रथ के माध्यम से किसानों के बीच कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जल प्रबंधन, बीज उपचार, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, किसान डेबिट कार्ड, मधुमक्खी पालन जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही बिरसा किसान रथ के माध्यम से मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और विभागीय पदाधिकारियों का कृषकों के नाम संदेश एवं सरकार के विगत चार वर्षों में किए गए कार्यो का प्रचार प्रसार किया गया। मौके पर मुखिया पति रामजी राम, एटीएम जयगोविंद यादव, पंचायत सचिव अरुण कुमार सुमन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान मित्र विजय सिंह, वार्ड सदस्य उमाकांत सिंह, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

# रामलला प्राणप्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने जगह-जगह किया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/हरिहरगंज/पलामू।** अयोध्या रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव को ले विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन की अगुवाई में पुलिस बल के साथ रविवार को पूरे नगर में फ्लैग मार्च किया गया। सभी मंदिरों में दीपोत्सव व अखंड-कीर्तन सहित कई कार्यक्रमों को लेकर पुलिस ने लोगों से संवाद भी स्थापित किया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि सोमवार को हर संभावित संवेदनशील जगहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इधर, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने भी पुलिस बल के साथ विश्रामपुर के मुख्य कस्बा रेहला के हर गली-मुहल्ला में फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने स्थानीय लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एएसआई रामचंद्र चौधरी सहित कई पुलिस जवान शामिल थे। वहीं, हरिहरगंज की पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकस है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रविवार को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए अररूआ खुर्द, बेलौदर मोड़ सहित पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया और लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके पहले डीएसपी अजय कुमार, सीओ यामुन रविदास, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक की गई। डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि सोमवार को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन है। क्षेत्र में अमन शांति बनी रहे और सभी धर्म के लोगों के बीच भाईचारा बना रहे। कोई व्यक्ति ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे समाज की शांति भंग हो। वहीं, सीओ यामुन रविदास ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्योहार और उत्सवों का सम्मान करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। जबकि थाना प्रभारी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बलू बलराम, सन्नी गुप्ता, कमलेश यादव,चंदन जायसवाल अतहर हुसैन, इरफान शाहिद, महताब साहिल, दिलीप स्वर्णकार, भीमसेन शर्मा,रिशु गुप्ता,जफर औरंगाबादी सहित दोनों समुदाय के कई लोग शामिल थे।



# ओबीसी समाज को अपना हक-अधिकार पाने के लिए करना होगा संघर्षः ब्रह्मदेव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल की ओर से रविवार को महा सम्मेलन अभियान रथ यात्रा द्वारा पड़वा बाजार के मुरमा गांव में बैठक कर आगामी 11 फरवरी को ओबीसी एकता एवं अधिकार के लिए महासम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित किया गया। मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज को अपना हक एवं अधिकार पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। व्यवसायी की सुरक्षा एवं बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराने व 50 वर्ष के बाद पेंशन देने के लिए सरकार से मांग की गई। साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा व छात्रावास की मांग की गई। साथ ही निकाय व पंचायत चुनाव में ओबीसी के लिए सीटें आरक्षित कर उसमें ओबीसी महिलाओं के लिए भी सीट आरक्षित करने की मांग की गई। संयोजक मंडल युगल पाल द्वारा ओबीसी के लिए राजनैतिक व ओबीसी महिलाओं के लिए राजनैतिक हिस्सेदारी की मांग की गई। विनोद महतो ने कहा कि ओबीसी परिवार को चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। इस नुक्कड़ सभा में कुणाल किशोर वर्मा ने कहा कि ओबीसी आयोग का पूर्ण गठन कर उसका हक अधिकार जातीय जनगणना कराकर जनसंख्या के आधार पर राजनैतिक आर्थिक व शैक्षणिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। मौके पर जितेंद्र कुमार, संतोष शर्मा, देवेंद्र कुमार, सुधीर कुमार मेहता, सुखदेव मेहता, कुलदीप कुमार मेहता, कौशल मेहता, बालकेश महतो, दयानंद महतो, सच्चिदानंद मेहता, आलोक कुमार, मुकेश कुमार, रोहित कुमार, संतोष गुप्ता, अजीत प्रसाद, अनूप कुमार, संदीप प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, जनक धारी मेहता, आदित्य प्रसाद, नंदकुमार प्रसाद, धनंजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।



## ओड़िशा की खबरें

# घनश्याम डालमिया के घर में छापेमारी पांच करोड़ नकद, चार किलो सोना मिला



आजाद सिपाही संवाददता

**भूवनेश्वर।** राउरकेला चौथे दिन आयकर विभाग की छापेमारी। ओड़िशा में 10 जगहों पर एक साथ छापेमारी चल रहा है। इस छापेमारी में पांच करोड़ रुपये नकद और 4 किलो सोने के आभूषण के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये गये। वहीं इस छापेमारी में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। छापेमारी के 2 दिन बाद कोयला कारोबारी घनश्याम डालमिया के साम्राज्य में आयकर विभाग का जैकपॉट लगा है। तीसरे दिन आयकर विभाग ने घनश्याम, उनके भाई योगेश और सहयोगी नंद किशोर अग्रवाल से करीब 5 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। 3 बैग से 2 किलो सोने के आभूषण बरामद हुए। राजस्व अधिकारी घनश्याम के बेटे अभिषेक से राउरकेला में एक अज्ञात स्थान पर पूछताछ कर रहे हैं। घनश्याम के बिलेईमुंडा स्थित परिवहन कार्यालय से 50 लाख रुपये जब्त किये गये हैं। उनके बड़े भाई योगेश के राउरकेला स्थित सिविल टाउनशिप स्थित आवास से 2 करोड़ रुपये बरामद किये गये हैं। सुचना मिली की 2 किलो वजन के सोने के आभूषण भी जब्त कर लिये गये हैं।

वहीं, आइटी ने घनश्याम के करीबी नंद किशोर अग्रवाल से भी पूछताछ की है। उदितनगर में नंदकिशोर के नाम से नारायणी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 401 में जांच चल रहा है। इस अपार्टमेंट को बिजनेसमैन नंद किशोर अग्रवाल ने 2.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। शनिवार शाम तक उक्त अपार्टमेंट से करीब 2.5 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। कई महत्वपूर्ण कागजात अधिकारियों के हाथ लगा हैं। घनश्याम के बेटे अभिषेक को आयकर की टीम ने योगेश के अपार्टमेंट से उठाया था। अधिकारी किसी अज्ञात स्थान पर उससे मैराथन पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के दौरान आयकर विभाग को कोयला कारोबारियों के कला साम्राज्य के बारे में कई रहस्यमय तथ्य हाथ लगे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, घनश्याम का कोयला कारोबार ओड़िशा समेत 6 से ज्यादा राज्यों तक फैला हुआ है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में कोयले का कारोबार चल रहा है। गौरतलब है कि सुंदरगढ़ जिले के हेमगिर ब्लॉक के गोपालपुर में दो मंजिला इमारत, कार्यालय, बिलेइमुंडा कार्यालय, शोरूम, बसुंधरा मेटालिक स्पंज आयरन फैक्ट्री, एमसीएल का कोयला परिवहन स्थल, गोपालपुर के पास पेट्रोल पंप, उनके बड़े भाई योगेश का सिविल टाउनशिप निवास, बरपाली में स्थित सूरज स्पंज आयरन फैक्ट्री और उसका लिंक उदितनगर स्थित नंदकिशोर के अपार्टमेंट में है। सीआईएसएफ जवानों के साथ स्थानीय पुलिस के जवान सुरक्षा में लगे हुए हैं।

# प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अनावरण लोगो का उपयोग किया जायेगा

## मुख्य सचिव ने सभी विभागीय पत्राचार में उपयोग करने का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा अनावरण किये गये पहले विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के लोगो का व्यापक रूप से उपयोग किया जायेगा। इसे सभी विभागीय पत्र-व्यवहार में प्रमुखता से रखा जायेगा। इसके लिए मुख्य प्रशासनिक सचिव प्रदीप कुमार जेना ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये हैं। लोगो की टैगलाइन है 'भाषा ही भविष्य है'। यह उल्लेख किया जा सकता है कि पहला विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन 3 से 5 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें ओड़िया भाषा के अतीत , वर्तमान और भविष्य पर विस्तार से चर्चा की जायेगी, जिसे देश में शास्त्रीय भाषाओं में से एक के रूप में मान्यता दी गयी है, साथ ही इसके प्रचार के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जायेंगे। इसके अलावा, सम्मेलन के प्रतीक चिन्ह का उपयोग सभी सरकारी वाहनों पर किया जायेगा और राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों , स्कूलों और कॉलेजों की दीवारों पर भी चित्रित किया जायेगा। जिला स्तर पर भी इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जायेगा। यह सम्मेलन इस बारे में कार्रवाई की दिशा तय करेगा कि ओड़िया भाषा को भविष्य और युवा पीढ़ियों के बीच एक विशिष्ट विरासत के शक्तिशाली वाहक के रूप में कैसे लोकप्रिय बनाया जा सकता है और आधुनिक तकनीक को लागू करके हमारी भाषा कैसे आगे बढ़ सकती है।



## रामभक्तों ने बाइक शोभायात्रा निकाली



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** श्री राम नगरी अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर रविवार को गोंदलीपोखर में रामभक्तों ने बाइक शोभायात्रा निकाली। इसमें आसपास के गांव से काफी संख्या में बाइक सवार शामिल हुए। शोभा यात्रा गोंदली पोखर महावीर अखाड़ा से निकलकर अनगड़ा से टाटीसिलवे उसके बाद गोंदली पोखर स्थित शिव मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद मंदिर परिसर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा माहौल राममय हो गया। अधिकांश अपने अपने बाइक में भगवान राम का चित्र लगा ध्वज लगाये थे। राम का जयकारा लगा रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बच्चें, युवा व बुजुर्गों के बीच उत्साह और जश्न का माहौल देखा गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार कर रहे थे। शोभा यात्रा में ज्योतिष महतो, सचिन केसरी, नीलकंठ चौधरी, डा अमर कुमार चौधरी, सुरेंद्र महतो, सागर साहू, रामनाथ महतो, अजय महतो, रामकृष्ण चौधरी, संजय नायक, सूरज गुप्ता, रंजीत केसरी, विक्की सोनी, पंकज महतो, अभिषेक केसरी, विवेक सोनी, राजेंद्र साहू, नरेश साहू, मनोज चौधरी, रामसाय मुंडा, शिवशंकर केशरी, बनमाली महतो, जगेश्वर महतो, दुर्गा महतो शामिल हुए।

## डीसी - एसएसपी ने किया टुंडी, झरिया, सिंदरी सहित अन्य थाना क्षेत्रों का दौरा



**सभी थाना प्रभारियों को बेहद सतर्क रहने और लोगों से शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को टुंडी, गोविंदपुर, झरिया, जोड़ापोखर, पाथरडीह, चासनाला, गौशाला, सिंदरी, सहरपुरा, बलियापुर सहित अन्य थाना क्षेत्रों का दौरा किया। डीसी ने कहा कि श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में विधि व्यवस्था के संधारण के लिए इस दिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सामाजिक सौहार्द को बनाए रखें। किसी प्रकार की सूचना तुरंत जिला कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराये। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धनबाद में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। सभी समारोह को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में और भाईचारे के साथ समारोह मनाने की अपील की। इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी के अलावा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धनबाद में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

# धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस करेगी रात में पेट्रोलिंग, ड्रोन कैमरों से निगरानी

**जिले में शांति व्यवस्था के लिए रहेगी दंडाधिकारी, पुलिस फोर्स की मौजूदगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



न्यू टाउल हॉल में आयोजित शांति समिति की बैठक में डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

**धनबाद।** श्रीराम लाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को न्यू टाउन हॉल में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी वरुण रंजन ने की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में हर्षोल्लास का माहौल है। वहीं जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सभी थाना में शांति समिति की बैठक की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर 107 की कार्रवाई की गई है। डीसी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार्मिक स्थलों के आसपास रात में भी पुलिस पेट्रोलिंग जारी रहेगी। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सोशल मीडिया की जवाबदारी पूर्ण तरीके से इस्तेमाल करें। इस पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सभी अलर्ट रहकर अपना दायित्व का निर्वहन करें। अपराधियों और असामाजिक तत्वों से पुलिस निपट लेगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराए। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और जिलों को बेहतर बनाना पुलिस का उद्देश्य है। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर्स कमलाकांत गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

**किसी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें : डीसी**

उन्होंने लोगों को भी सतर्क रहने और अपने पास पड़ोस में संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर या संदिग्ध गतिविधियां की सूचना तुरंत संबंधित थाना को करने का आग्रह किया। डीसी में सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को उनके क्षेत्र में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की एक बार जांच कर लेने और बिना अनुमति के ऐसी गतिविधि नहीं करने देने का निर्देश दिया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा तैयार चेक लिस्ट के अनुसार ही सभी तैयारियां को पूरा करने व धार्मिक अनुष्ठानों के संचालकों की सूची अपने पास रखने तथा डीजे पर धार्मिक सौहार्द बिगड़ने वाला गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स एवं वीडियोग्राफर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सोशल मीडिया पर किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन कड़ाई से निपटेगा। विभिन्न स्थलों पर अग्निशमन वाहन की तैनाती रहेगी। मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस भी अलर्ट मोड पर रहेंगे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बाघमारा क्षेत्र हुआ राममय



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** आयोध्या मंदिर में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिर्फ बाघमारा क्षेत्र भी राममय हो गया है। बाघमारा के चिटाही स्थित श्रीश्री राम राज मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकली गई जो सभी क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः चिटाही मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुआ। जिसमें सैकड़ों लोग गेरुवा वस्त्र धारण कर हाथों में प्रभु श्री राम व हनुमान जी का पताखा लेकर जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया। इसके अलावा धर्माबांध मोड़ स्थित खटाल के पास प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 घंटा अखंड कृतन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओ व किशोरियों द्वारा बिलबेरा नदी से कलश में जल भर कर अखंड कृतन स्थल तक जल से भरे कलश को भेधी स्थल पर स्थापित किया गया। उधर, अयोध्या में सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बाघमारा विधानसभा के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस, विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर मुस्तैद है।

## धनबाद आयुष फाउंडेशन और हेल्थक्योर ने बांटी 2501 दीया-बाती, तेल और मिठाइयां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में सोमवार को रामलला विराजेंगें। इस शुभ अवसर पर सभी अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर सकें इसलिए दीया-बाती के साथ ही सभी को लड्डू, इलाची दाना और मिश्री वितरित किया गया। इस कार्य में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल और मिल्टन पार्टसर्थी का सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरूआत चंद्रशेखर को तिलक लगाकर और अंगवस्त्र पहना कर किया गया। चंद्रशेखर अग्रवाल भी लोगों के बीच दीप दान किए। इस मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, श्यामली पांडे, संगीता मित्तल, तनिषा, बाबूलाल, भास्कर, अलका, हेल्थक्यूर के संचालक मनीष कुमार, रामानंद दुबे, मेहुल, देपेंदु, नरोत्तम कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

## भव्य राममंदिर में भगवान श्रीराम विराजमान होंगे और हमलोग देखेंगे, यह गर्व का क्षण : ज्ञानरंजन

**ग्रामीण भाजपा की अगुवाई में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**टुंडी।** टुंडी विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक रविवार को लाला टोला में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने की। बैठक में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य आयोजन, दीप प्रज्वलन, कीर्तन भजन एवं सीधा प्रसारण देखने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित धनबाद आगमन पर सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को ले जाने की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर में भगवान श्रीराम विराजमान हो रहे हैं। इस ऐतेहासिक पल का हम सब साक्षी होंगे यह हमारा सौभाग्य है। विगत विधानसभा में पार्टी उम्मीदवार रहे विक्रम पाण्डे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर समय चुनावी मोड पर रहते हैं। भाजपा हमेशा जनता के साथ रहती है। बैठक में उपस्थित नेताओं-कार्यकर्ताओं ने टुंडी विधानसभा एवं गिरिडीह लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार देने की मांग उठायी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिनेश सिंह ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, रमेश महतो, मंत्री फिरोज दत्ता, मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, बिपिन दा, गोपाल पांडेय, सुरेश महतो, संजीव मिश्रा, नीलकंठ रवानी, विजय मंडल, हीरामन नायक, जीप सदस्य विकास महतो, रामप्रसाद महतो, मनीष साव समीर साव, सुनील मंडल, आशुतोष पाल, रंजीत सिंह, अवध चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में सुरेश महतो, कृष्णा बास्की, सनोदी देवी, मीरा मंडल, द्रोपदी देवी, प्रदीप वर्मा, आरके चौधरी, अमरेश सिंह, संजीत सिंह, खिरोधर मंडल, योगेश ठाकुर, दशरथ ठाकुर, संदीप मंडल, फेनी यादव, नागेश्वर पंडित और ज्योतिष अंबाष्ठा आदि थे।

## ठाकुर कुल्ही में रामचरितमानस पाठ का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्री राम जन्म तीर्थ क्षेत्र में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में रविवार को धैया के श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर ठाकुर कुल्ही में श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन आचार्य लोचन कुमार मिश्र एवं वाचसपति अनिल और उनके सहयोगियों द्वारा प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, भोलानाथ पांडे, श्रवण चौरसिया, जयंत मिश्रा, निमाई दा, रंजीत जायसवाल, सुशील मिश्रा, संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनीष पाठक, भीमसेन चौरसिया, अश्वनी चौरसिया, मनोज कुमार, नीरज सिंह, विकास राय, सुनील चौरसिया, राजकुमार शर्मा, आयुष कुमार, संतोष रजक, विमल कुमार एवं अखिलेश कुमार ने अहम भूमिका निभाया।

## चंदनकियारी को स्वस्थ रखने को उठायेंगे हर कारगर कदम : उमाकांत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू ने चंदनकियारी कार्यालय में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रविवार को शिविर लगाया। जिसमें सैकड़ों लोगों की जांच हुई। इस दौरान 78 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत मिली। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी के लोगों को निरोग रखने के लिए ऐसा शिविर का आयोजन होते रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए सरकार के प्रयास को अस्पतालों का पूरा सहयोग नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क दुर्घटना के पीड़ित के लिए आयुष्मान भारत कार्ड सभी अस्पताल सहजता से स्वीकार नहीं करते। इसे जिम्मेदार अधिकारी को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने निर्माण मजदूरों को सरकारी बीमा का लाभ पाने के लिए नाम पंजीकृत करवाने की अपील की। मौके पर राजेश भगत, अनवर अंसारी, बादुल राय, राजीव रंजन झा आदि मौजूद थे।

## भाजपा ही कर रही देश का सर्वांगीण विकासः लक्ष्मण



विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह और अन्य।

**गावां/धनबाद (आजाद सिपाही)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पश्चिमी व नीमाडीह पंचायत में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलनकर किया गया। इस दौरान गोद भराई, मुंह जुठी व स्कूली बच्चों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की गयी। वहीं जेएस एल पीएस की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। भाजपा द्वारा सुदूर गांवों के विकास के साथ-साथ महिला स्वाबलंबन, पेंशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। वहीं पूरे विश्व में भारत की मान प्रतिष्ठा बढ़ी है। मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास, प्रभारी कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम, सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, मुखिया अमित गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अजित राउत, विनोद मिष्टकार, सौदागर साव, अरविंद गुप्ता, बालकिशुन साव आदि उपस्थित थे।

## बराकर नदी में डूबे आरक्षी का चौथे दिन मिला शव

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** मधुरसा गांव के पास बराकर नदी में डूबे साइबर थाना के आरक्षी चालक संदीप मंडल का शव चौथे दिन रविवार को गोताखोरों की मदद से निकालने में सफलता पाई। बताया जा रहा कि लगातार 72 घंटे से टुंडी पुलिस एवं बीडीओ घटनास्थल पर कैंप किए हुए थे पर सफलता नहीं मिल पायी थी। इस दिन गोताखोरों के अथक प्रयास से गहरे पानी से शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल आरक्षी के मृत शरीर को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है। उधर, शव के मिलते ही पूरा प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली हैं। इस कार्य में टुंडी बीडीओ शैलेंद्र चौरसिया, सीओ रवि कुमार, टुंडी इंस्पेक्टर अनिल कुजूर आदि ने सहयोग किया।


































# सनातन की झांकी, बस कुछ ही घंटे बाकी





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के द्वारा प्रभु श्रीराम लला के होने वाले प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अध्यक्ष दौलत सोनी के अध्यक्षता में शहर के विभिन्न अखाड़ों के साथ काली मंदिर के प्रांगण से भव्य दिव्य शोभा यात्रा निकाला जायेगा। दोपहर 2 बजे से सभी अखाड़ों के साथ प्रभु श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अपने अपने स्तर से भव्य और दिव्य कार्यक्रम करने और शोभा यात्रा निकालने का कार्य करेंगे। पूरे शहर को भगवा मय किया जा रहा है, झंडा से सजाया जा रहा है, लोगों में बहुत उत्साह है। शोभा यात्रा का नेतृत्व महामंत्री उमेश कश्यप के द्वारा किया जायेगा। उपरोक्त बैठक में महामंत्री आचार्य आशिष वैद्य कर्मकांडी, संरक्षक मोहन स्वर्णकार प्संगठन मंत्री पिंटू कुमार ओला, कोषाध्यक्ष रोहित छोटू, विवेक सिन्हा अन्य सभी अखाड़ा के सदस्य उपस्थित थे।

## कांडी में राममय हुआ वातावरण

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। अयोध्या में 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कांडी प्रखंड अंतर्गत चौबे मझिगावां गांव में श्रीराम भक्तों और बजरंग दल के सदस्यों के मंहत रामधारी चौबे के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। यात्रा के दौरान जय श्रीराम, बजरंग बली की जय, भारत माता की जय जैसे नारे लगाये गये। शोभायात्रा में बजरंग दल से मुकेश चौबे, अरुण मिश्रा, बलवंत सिंह, प्रवीण चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, राजेश शर्मा, अभिषेक, सोनू शर्मा सहित सैकड़ों भक्त शामिल थे।

## जिला जज ने मंदिरों में माथा टेका



केतार। प्रखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर श्री मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ, श्री सूर्यनारायण मंदिर मुकुंदपुर और भैंसहट मंदिर में जिला जज मनोज कुमार त्रिपाठी सपरिवार दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने श्री मां चतुभुर्जी का दर्शन करने के उपरांत सुप्रसिद्ध श्री सूर्य मंदिर मुकुंदपुर में पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर विकास समिति के लोगो ने भगवान सूर्य की फोटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जज मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसा दिव्य स्थल पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। तीन ओर से पहाड़ी वादियों से घिर स्थल जो मनोरम दृश्य बिखेरती है। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उप सचिव नगीना वियार, सुरेंद्र सिंह, रिशु सिंह, मंदिर के पुजारी शशांक सौरभ पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## परसोडीह में पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 7 का हुआ आगाज



केतार। शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 7 का पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने उद्घाटन कर शुरूआत किया गया। उद्घाटन मैच सोनपुरा बनाम कांडी के बीच खेला गया। कांडी टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सोनेहारा के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित16 ओवर में पांच विकेट बनाकर 102 रन का लक्ष्य अपने प्रतिद्वंदी टीम को दिया। प्रतिद्वंदी टीम कांडी ने 8.3 ओवर में दो विकेट खोकर जीत हासिल किया। इस मौके पर इस सीजन 7 के आयोजक समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष सह कमेंटटेटर लव वर्मा, सचिव देवकुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, व्यवस्थापक संतोष रजक, श्री राम वर्मा, कमेंटटेटर एके मोर्या, संजय वर्मा सहित क्रिकेट हजारों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## कुआं में गिरने से दो वर्षीय पियूष मौत

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के शेरासाम गांव निवासी वकील प्रसाद साह के दो वर्षीय लड़का पियूष कुमार की मौत घर के बगल में के एक कुआं में गिरने से शनिवार को हो गयी। बच्चे की मौत से माता पिता एवं परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। उक्त कुआं बिना छेकन के सपाटनुमा अर्द्ध निर्मित कुआं है।

## शशि भोजनालय सह रेस्टुरेंट का उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। मुख्य सड़क स्थित ग्रामीण बैंक के नजदीक रविवार को नव प्रतिष्ठान शशि भोजनालय सह रेस्टुरेंट का उद्घाटन किया गया। जिसका विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने फीता काटकर रेस्टुरेंट का उद्घाटन किये। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर शशि कुमार ने बताया कि यहां पर दोनों तरह के शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की व्यवस्था होगी। साथ ही साउथ इंडियन डिस भी लोगों को मिलेंगे। नव प्रतिष्ठान के शुभारंभ के मौके पर अनूप कुमार, अरुण, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजेंद्र तिवारी, जेपी सोनी, गाजी खान, पंकज, ऋषि, नीलेश, शंभु नाथ पांडेय, छोटू, राजेंद्र, अरविंद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पतिहारी में कब्रिस्तान का घेरा बंदी और सुंदरी करण योजना को लेकर मदरसा के मैदान में मुखिया रब्या फिरदोसी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा को लेकर मुख्य रूप से बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा उपस्थित थे। योजना को लेकर ग्राम सभा मे अध्यक्ष और सचिव का चयन किया गया। ग्रामसभा में बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा द्वारा अफजल अंसारी को अध्यक्ष और महफूज अंसारी को सचिव पद के लिए जीत की घोषणा की। इस मौके पर पंचायत सचिव जगदीस राम, एएसआई ज्वाला सिंह, हसन, मन्नान, शेखावत, जाकिर, गनपत अली, सदाकत अंसारी, सकीम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मिक्सर मशीन पलटने से चालक की मौत मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव के बिछिया दामर टोला में मिक्सर मिलर मशीन के पलटने से चालक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। मृतक रमुना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द निवासी जगदीश यादव का 30 वर्षीय पुत्र सनोज यादव बताया गया है। सूचना मिलते ही मेराल थाना के पुलिस पदाधिकारी सुमन शर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को उठाने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। देर शाम में प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए तथा शव को अंत्य परीक्षण के लिए उठाने दिया।

## उर्दू शिक्षकों के पद को समाप्त किया जाना मुस्लिमों के साथ अन्याय : एमएन खान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएम आईएम के झारखंड सदस्यता प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की उर्दू के शिक्षकों को पद समाप्त किये जाने का फैसला उर्दू बोलने वाले लोगों के साथ घोर अन्याय है। इस फैसले को जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद राज के अंदर 4401 पद थे। जिसमें अब तक 689 पदों पर ही नियुक्ति हुई है। सरकार द्वारा खाली पड़े 3712 पदों पर नियुक्ति करने के बदले पदो को ही समाप्त कर देना एक घिनौनी मानसिकता और अल्पसंख्यको के साथ घिनौना मजाक है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य के समय से ही उर्दू दूसरी भाषा का दर्जा रहा है। राज्य अलग होने के बाद भी इसकी पुष्टि की गयी है। फिर भी इस तरह का फैसला लेना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। हेमंत सरकार तुरंत इस फैसले को वापस ले। अन्यथा अल्पसंख्यक समाज राजगद्दी देना जानती है तो उतरना भी जानती है। उन्होंने कहा कि रांची विधानसभा घेराव करेंगे। मौके पर डॉ एमएन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, अवध किशोर मेहता, कामेश कुमार रवि, सुदामा रवि, हाजी नसीरुद्दीन, इफ्तिखार अहमद,लोग मौजूद थे।

## एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा ज़िला कांग्रेस सेवा दल के द्वारा पलामू लोकसभा स्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन तिवारी रेस्ट हाउस के प्रसाल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला कार्यकारी मुख्यसंगठक ईश्वरी चौधरी ने किया। अधिकतर वक्ताओं ने पलामू लोकसभा को कांग्रेस पार्टी के कोटे में लाकर चुनाव लड़ने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि पलामू लोकसभा से फीरकाप्रस्त ताकतों को पराजित कर सकती है। सम्मेलन में प्रशिक्षण शिविर गढ़वा में जल्द लगाने की घोषणा की गयी। तथा ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर लगाने का घोषणा किया गया। झारखंड प्रदेश सेवा दल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, गढ़वा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई ओबैदुल्लाह हक अंसारी, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, प्रदेश प्रतिनिधि श्रीकांत तिवारी, अलख निरंजन चौबे, सुरेंद्रनाथ सहित अन्य लोग मौजूद थे।




























# राम के स्वागत को तैयार हजारीबाग और कोडरमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री अरविंद मेहता और बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गयी है कि संगठन अपने योजना अनुसार मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने की आग्रह समाज से की है। जिसके तहत हजारीबाग जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त 1246 गांव के 2232 मंदिरों में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अभियान के तहत पूजित अक्षत को पहुंचा कर प्रत्येक मंदिरों की साफ सफाई रंग रोगन के माध्यम से अयोध्या जैसी ही तैयारी की गयी है। पूरे गांव गांव जाकर कार्यकताओं ने यही निमंत्रण और आग्रह किया है। 22 जनवरी को प्रातः सें ही अपने मंदिरों में एकत्रित होकर भजन कीर्तन और दोपहर में महा आरती करें तथा समरसता के भाव को समाज में पुनः जागृत करने के उद्देश्य से सामूहिक महाप्रसाद ग्रहण करें।

## टाटीझरिया में निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**टाटीझरिया।** अयोध्या में राम जन्मभूमि नवनिर्माण और भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव-गांव में शोभा यात्रा निकाली जा रही है। रविवार को टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हु, झरपो, मुरूमातु, बडा डहरभंगा, लोधी व केसडा गांव में विधिवत पूजन के बाद भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, रविन्द्र यादव, कौलेश्वर मिश्रा, दयाल प्रसाद, ज्योतिष पंडा, छोटन कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, रामलखन पांडेय, छक्कन पांडेय, बालेश्वर महतो, सरयु प्रसाद, उमेश प्रसाद, सुरेश मिश्रा, भोला राणा, पंकज मंडल, प्रकाश गंझु, जयप्रकाश ठाकुर, सुरेश गंझु, में समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## विधायक ने बांटे झंडा और कैलेंडर

**बड़कागांव।** बड़कागांव और केरेडारी के विभिन गांवों और चौक-चौराहों पर सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से भगवा झंडा और प्रभु श्रीराम का कैलेंडर वितरीत किया गया। कलेंडर और भगवा झंडा पाकर ग्रामीणों में काफी हर्ष देखा गया। इस मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, बरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य सोनी, मुखिया रंजीत महतो, भीखन महतो, उपेंद्र प्रसाद, अशोक महतो, कार्तिक महतो, उमेश साव, चिंतामणि पुजारी, नरसिंह प्रसाद, जयशंकर मेहता और बिष्णुदयाल के द्वारा बड़कागांव चौक, रामजानकी मंदिर, गुरुचट्टी, ढेंगा, होरम, सांढ, छपेरवा, बिश्रामपुर, तलसवार, आंगो, नापो, मोहगाइकला, सूर्यमंदिर, लंगातु, गरीकला, बेलतु, कंडाबेर, जमीरा, आदि गांवों में भगवा झंडा और श्रीराम प्रभु का कैलेंडर वितरित किया गया। इसके साथ ही कई मंदिरों की भी साफ सफाई कार्यक्रम भी प्रमुखता से चलाया गया जिसमें बढ़ चढ़कर गांव वालों ने भाग लिया। वही मंदिरों में और घर-घर मे भगवा झंडा लगाया गया।



टाटीझरिया



हजारीबाग


बड़कागांव


चंदवारा


कोडरमा


झुमरीतिलैया


दारू


केरेडारी

## लोगों ने उत्साह के साथ लिया भाग

**चंदवारा।** अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चंदवारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थाम में भव्य शोभा यात्रा और कलश यात्रा निकाली गयी। जिप सदस्य नीतू यादव, मुखिया पुष्पा देवी, पंचायत समिति सदस्य अनिता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शोभायात्रा यात्रा की शुरूआत की गयी। शोभायात्रा में सैंकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, समाजसेवी सम्राट सिंह, बिनय राणा, अंटोनी सिंह, प्रदीप साव, पवन गुप्ता, बिनोद शर्मा, नरेश यादव, संजय वर्णवाल, बीरेंद्र यादव, नरेश मोदी, उमाशंकर वर्णवाल समेत कई लोग मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसआई मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## राम मंदिर को लेकर उत्सव का माहौल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रविवार को ग्राम लोकाई गोसाईं टोल, लोचनपुर में अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश के साथ गांवों में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने ग्रामीणों से अपील किया कि 22 जनवरी को गांव के मंदिर में आयोजित भजन कीर्तन में भाग लें। अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाये. तथा संध्या पहर दीपावली मनाये। मौके पर मनोज कुमार झुन्नु, मुकेश गोस्वामी, पप्पू गोस्वामी, ट्विंकल मोदी, मंटू यादव, वीरेंद्र गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, केदार सिंह सरोज गुप्ता, भोला गोस्वामी, नंदील गोस्वामी, दीपों सोनी, विवेक मोदी समस्त ग्रामीण जुलूस में शामिल थे। विधि व्यवस्था संधारण के लिए कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम भी दल बल के साथ शामिल थे।

## श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का हुआ आयोजन

**झुमरीतिलैया।** श्री श्याम महिला कमेटी के तत्वावधान में 22वां निशान यात्रा रविवार को एकादशी को लेकर झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निकाला गया। मंदिर में पूजा अर्चना पंडित जीवकांत झा ने करायी। इसके बाद सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें महिला और पुरूष निशान लेकर शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर पहुचकर संपन्न हुई। इस निशान यात्रा में सुशीला देवी, अंजुला खाटूवाला, पिंकी खेतान, अंजना केडिया, रश्मि गुटगुटिया, सुमन सर्राफ, प्रीति गुटगुटिया, सारिका केडिया, पूजा केडिया, अमर लता देवी, मूली जोशी, गुड्डा कुमारी, बबिता जोशी, मधु शर्मा, रश्मि शर्मा, रितेश कुमार, पवन शर्मा, रवि कुमार आदि मौजूद थे। देर शाम श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आये है चरणों मे अरदास लाये है... खाटुवाले श्याम तेरे चरण में आ गया प्रभु रूप तेरे नैनो में .. जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। इस अवसर पर बाबा के श्रृंगार भगवान राम के अयोध्या में उद्घाटन को ले केसरिया रंग के रूप में किया गया। मौके पर ताली कीर्तन में शान्ती देवी खेतान, महावीर खेतान, हिमांशु केडिया, संजय पिलानिया, संतोष लड्ढा, विपुल चौधरी, संजय रदेड़ी, विष्णु चौधरी, संदीप हिसारिया, मनोज पिलानिया आदि कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। एकादशी को ले कोडरमा जंक्शन से कई श्रद्धालु भक्त राजस्थान के खाटूधाम पूजा अर्चना के लिए पहुंचे है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

**बरकट्ठा।** अयोध्या में होने वाली राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक बरकट्ठा थाना परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग व संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी, थाना प्रभारी गौतम कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद शामिल थे। इस निमित जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर अपना अपना विचार दिया। वहीं पदाधिकारियों ने कहा की कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें जो दिशा निर्देश के विरुद्ध हो। नहीं तो कानुनी कार्रवाई की जायेगी। वही पुलिस प्रशासन और पदाधिकारी ने बरकट्ठा में शांति मार्च कर शांति का संदेश दिया। मौके पर समाजसेवी यमुना साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, इंद्रदेव प्रसाद, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, बेड़ोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, कोनहारा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, बसंत कुमार, दिनेश कुमार, राजकुमार सिंह, संजय कुमार, रविंद्र शर्मा समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री और विधायक

**केरेडारी।** अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के पहरा गांव में भव्य कलश यात्रा निकली गयी। पहरा स्थित राम जानकी मंदिर से महिलाओं ने कलश उठाया और घाघरा डैम से कलश में जल भरा। इस दौरान मुख्य रूप से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने भी खूब जयकारे लगाये। श्रद्धालु झूमते गाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि निरंजन साव, धीरेंद्र साव, पवन साव, उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, गणेश साव, तिलेश्वर महतो, अजय सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## जरगा में राम लला महोत्सव

**दारू/टाटीझरिया।** प्रखंड के पुनाई पंचायत के जरगा में रविवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरवन उर्फ बबलू कुमार के सौजन्य से राम भक्तो ने भव्य शोभा यात्रा जरगा शिव मंदिर से मंडप तक महिला पुरुष मिलकर भव्य शौभा यात्रा निकाली गयी और अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया गया। कार्यक्रम के बाद सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष जय श्री राम का जयघोष लगाते हुए मंदिर में पहुंचे। मौके पर बबलू कुमार, ज्ञानी प्रसाद, राजेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, गंगो महतो, महाबीर महतो, टेको महतो, जगदीश महतो, प्रदीप यादव, प्रदीप प्रसाद, ममता देवी पार बत्ती देवी, नीतू देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## विष्णुगढ़ में शांति समिति की बैठक

**विष्णुगढ़।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को विष्णुगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी रामबालक कुमार और संचालन थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम यह उत्सव का समय है, जिसे हम सबको भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना है, किसी भी त्योहार या धार्मिक आयोजन हम सबो को मिलजुल कर मनाना चाहिए। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि अगर इसमे किसी अप्रिय घटना होने की आशंका हो तो हमें जरूर सूचित करें। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को संपन्न कराने और भड़काऊ गीत, शोभायात्रा में आग से करतब आदि नही दिखाये जाने की बात कही गयी। मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, उप प्रमुख सरयू साव, जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया निर्मल कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद, मुखिया रामचंद्र यादव, धानेश्वर यादव, सुशील कुमार मंडल, नन्हकू महतो, गोविंद शर्मा, राजू श्रीवास्तव, अख्तर अंसारी, दिलेर आजाद, सुनील कुमार अकेला, हेमंती देवी, क्यूम अंसारी, सिकन्दर कुमार, जानकी शर्मा, हरि यादव, कन्हाई यादव, भीखन रविदास, बिनोद सिंह आदि उपस्थित थे।


## रामलला की निकली भव्य शोभायात्रा

**मरकच्चो।** प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर पंचायत स्थित ग्राम खेशमी, गुरहा में रामलला की भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली गयी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान बच्चे भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूप में नजर आये।

# बड़कागांव के मंदिरों में की गयी सजावट, पूजा अर्चना आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में साज सजावट की गयी है। बड़कागांव का चौक चौराहों में झंडे से पट गया। बड़कागांव के राम जानकी मंदिर मे राम जानकी पूजा समिति अध्यक्ष पिंटू गुप्ता के नेतृत्व में आकर्षक तरीके से लाइट सजाई गयी है 22 जनवरी को 10:00 बजे से पुजा अर्चना और हवन कार्यक्रम चलेगी। प्रसाद वितरण 1:30 बजे भजन कीर्तन 5:00 बजे संध्या आरती और हनुमान



चालीसा का पाठ 6:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम 7:15 बजे से लेकर 10:00 बजे रात्रि तक बाल कलाकारों द्वारा रामलीला का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अलावा बड़कागांव के सूर्य मंदिर, काली मंदिर सिंदूवारी के शिव मंदिर, पंकरी बरवाडीह के राम मंदिर, शिव मंदिर, बादम, हरली, नया टांड़, चंदन पुर के हनुमान मंदिर, रेंज ऑफिस के मौसी बड़ी मंदिर, सोनपुरा मंदिर, शिवाड़ीह, कांडतरी शिव मंदिर अमित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना की जायेगी और शोभा यात्रा निकाला जायेगा।




## टीएसपीसी ने ली गोलीकांड की जिम्मेवारी

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** तृतीय सम्मलेन प्रस्तुत कमिटी टीएसपीसी ने केरेडारी कोल माइंस क्षेत्र में हुई गोलीकांड की जिम्मेवारी ली है टीएसपीसी के प्रताप जी ने इसकी लिखित विज्ञप्ति जारी किया है इस पर्चे में लिखा है कि केरेडारी कोल माइंस क्षेत्र में जो गोलीकांड हुआ है संगठन उसकी जिम्मेवारी लेता है। आगे सभी कोयला ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, ऑफिसर को भी आगाह किया गया है साथ में टीएसपीसी का बात को सुनकर भी अनसुना कर दिया जाता है। इस परचे में कहा गया है की सभी ऑफिसर ये कान खाल के सुन लें हमारी बात नहीं मानी तो इसका अंजाम और नही मानने पर सीधा लेकिन किसी किया और कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठेकेदार, ले अगर इसके बावजुद बहुत ही बुरा होगा बात नहीं सुनने खोपड़ी खोल दिया जायेगा। साथ वहीं विस्थापितो, रैयतो, प्रभावितों को लोगो को छोड़ मिलना चाहिए। आगे कहा गया है की कम्पनी स्थानीय युवावों को रोजगार दें तभी काम करें।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**